हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live &
dkunews24

वर्ष : 04 अंक–95 : जौनपुर, सोमवार 30 मई 2022 सान्ध्य दैनिक (संस्करण) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

पी0एम0 केयर्स फॉर चिल्ड्रेन स्कीम के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में 04 बच्चों को दी गई 10 लाख की धनराशि

जौनपुर सू.वि. : एन0आई0सी0 कलेक्ट्रेट जौनपुर में पी0एम0 केयर्स फॉर चिल्ड्रेन स्कीम के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में जनपद में पात्र 04 बच्चों को माननीय प्रधानमंत्री जी, भारत सरकार द्वारा बच्चे के बैंक खाते में रूपया 10 लाख की धनराशि प्रदान की गयी। इसके साथ ही माननीय प्रधानमंत्री जी ने बटन दबाकर कक्षा–1 से 12 तक अध्ययनरत प्रत्येक बच्चे के बैंक खाते में विशेष "स्कॉलरशिप फॉर पी0एम0 केयर्स फॉर चिल्ड्रेन" के तहत रू0 20,000 की धनराशि प्रेषित की, जिसमें रू0 1,000 प्रतिमाह एक वर्ष तक कुल रू0 12,000 तथा रू0 8,000 बच्चे की किताबें, यूनीफार्म, जूते एवं शिक्षा से सम्बन्धित अन्य सामग्री हेतु है। यह योजना 29 मई 2021 को माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रारम्भ की गयी है। जिसमें 01 मार्च 2020 से 28 फरवरी 2022 के मध्य कोविड–19 महामारी में अपने माता–पिता दोनों व अपने वैद्य संरक्षक को खोने वाले बच्चों को सहयोग प्रदान की गयी है। माननीय प्रधानमंत्री जी ने वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से देश भर के बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि– आज मैं प्रधानमंत्री नही बल्कि आपके परिवार के सदस्य के रूप में आपसे बात कर रहा हूँ। बीते दो वर्षों में कोरोना की विभीषिका में दुनिया भर में लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है। इस महामारी में अपने अभिभावक को खो देने की आपकी पीड़ा को शब्दों में व्यक्त नही किया जा सकता। अभिभावक की मौजूदगी बच्चे के लिए हमेशा एक संबल की तरह होती है। आपके अभिभावक ने अब तक आपको हर सही–गलत, अच्छे–बुरे का भेद बताया, आपका मार्गदर्शन किया। आज जब वो आपके साथ नही हैं तो आपके जीवन में आए इस खालीपन को भर पाना तो किसी के लिए भी सम्भव नही है, लेकिन आपके परिजन के तौर पर मैं आपको यह विश्वास दिलाता हूँ कि आप अपने संघर्षों में, अपनी कठिनाईयों में, अपने दुःख–सुःख में अकेले नही हैं। पूरा देश आपके साथ है। प्रधानमंत्री जी ने सभी बच्चों को उनके कुशल–मंगल और उज्ज्वल भविष्य की अनन्त

शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर केन्द्रीय लघु सूक्ष्म उद्योग राज्यमंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा ने पी0एम0 केयर्स फॉर चिल्ड्रेन स्कीम के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को किट प्रदान की, जिसमें माननीय प्रधानमंत्री जी का एक पत्र, एक स्नेह प्रमाण पत्र, एक बैंक पास बुक (पोस्ट ऑफिस) व 5 लाख रूपये प्रतिवर्ष की स्वास्थ्य सहायता हेतु आयुष्मान कार्ड प्रदान करते हुये कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य बच्चों की व्यापक देखभाल और सुरक्षा को निरन्तर तरीके से सुरक्षित करना और स्वास्थ्य बीमा के माध्यम से उनको सक्षम व स्वस्थ बनाना, शिक्षा के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाना और 23 वर्ष की आयु तक आत्म–समर्थन के साथ आत्मनिर्भर अस्तित्व के माध्यम से परिपूर्ण करना है। बच्चों को उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजनान्तर्गत प्रत्येक माह रू0 4,000 की दर से प्रत्येक त्रैमास पर रू0 12,000 की धनराशि नियमित प्रेषित की जा रही है। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी, माननीय सांसद मछलीशहर बीपी सरोज, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला, जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी बीके सिंह, बाल कल्याण समिति जौनपुर के डॉक्टर उमा शंकर चंद्र भूषण सिंह व माधुरी गुप्ता उपस्थित रहे।

पत्रकारिता दिवस पर हिंदी पत्रकारिता की नवीन प्रवृत्तियां विषयक वेबिनार का आयोजन सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस–अनुवाद, भारतीय भाषा,संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ की ओर से हिंदी पत्रकारिता दिवस पर सोमवार को "हिंदी पत्रकारिता की नवीन प्रवृत्तियां" विषयक ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पाठ्यक्रम निदेशक एवं छात्र कल्याण अधिष्ठाता, भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी),नई दिल्ली के प्रो. प्रमोद कुमार ने कहा कि सकारात्मक और समाज में बदलाव से जुड़ी खबरें पाठकों द्वारा खूब पसंद की जा रही हैं। डिजिटल हो चुकी हिंदी पत्रकारिता ने सकारात्मक खबरों के माध्यम से पाठकों एवं दर्शकों का एक बड़ा वर्ग तैयार किया है। उन्होंने मीडिया में सकारात्मक खबरों की वकालत की। कहा कि पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने भी देश और समाज में बदलाव लाने वाली खबरों को प्रमुखता देने की बात कही थी। अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि पत्रकारिता समाज हित के लिए होनी चाहिए। इसका सामाजिक सरोकार जरूरी है, तभी इसका लाभ देश को मिल सकेगा। पौराणिक और कलयुगी पत्रकारिता का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता से पहले की पत्रकारिता का रूप साहित्यिक था, बाद में यह विधा नई परिधि के रूप में बदली और बहुआयामी हो गई। समय के साथ– साथ इसके प्रतिमान भी बदले। पत्रकारिता में सनसनी फैलाने का ट्रेंड चल रहा है इस पर विचार करने की जरूरत है। तकनीक के साथ–साथ समाचार पत्रों की डिजाइन और रूप सज्जा भी बदली है जो पाठकों को आकर्षित कर रही है। वरिष्ठ पत्रकार हेमंत तिवारी ने कहा कि एक तरफ हिंदी पत्रकारिता का विस्तार हुआ है तो दूसरी तरफ उसकी भाषा में संक्रमण



हुआ है। उन्होंने कहा कि आज भी अधिकतर चौनल हिंदी के ही हैं इनकी अपनी अलग–अलग भाषा हो गई है। सोशल मीडिया की भाषा पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि इसका कोई नियमन नहीं। विशिष्ट अतिथि उप निदेशक सूचना,राजभवन,उत्तराखंड डॉ नितिन उपाध्याय ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता को जनभाषा से अलग नहीं किया जा सकता है। अखबारों का क्षेत्रीयकरण पाठक को कई बड़ी खबरों से दूर ले जा रहा है। इसका कारण अधिक से अधिक संस्करण निकलना है। वेबिनार के संयोजक और जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ मनोज मिश्र ने अतिथियों का स्वागत और विषय प्रवर्तन किया। संचालन डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर और धन्यवाद ज्ञापन डॉ सुनील कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रो.अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. अजय द्विवेदी, डॉ. रसिकेश, डॉ राकेश यादव, डॉ. जगदेव, डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ. अवध बिहारी सिंह, डॉ चंदन सिंह,अन्नू त्यागी, डॉ तरुणा गौर, रेनू तिवारी, विश्वप्रकाश श्रीवास्तव आदि शिक्षक और विद्यार्थी शामिल थे।

आपरेशन पाताल के तहत थाना नेवढ़िया एवं रामपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने दो शातिर अपराधी को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर, श्री अजय साहनी के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे आपरेशन पाताल के क्रम में श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन एवं श्रीमान् क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष नेवढ़िया जौनपुर व थानाध्यक्ष रामपुर जौनपुर मय हमराहियान की संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 29.05.2022 को समय 23.50 बजे 02 नफर अभि0गण को 04 देशी तमंचा 315 बोर व 03 कारतूस 315 बोर व 11 अर्द्धनिर्मित अवैध तमंचे,एक अर्ध निर्मित पिस्टल वाडी व वाडी पार्ट व उकरण एक हथौड़ा लोहे का ,2 पेचकश ,एक प्लास, 07 स्प्रिंग,लोहे की छेनी एक,लोहे की एक आरी व तीन ब्लेड लोहे की ,लोहे की पत्ती कटी हुई टुकड़े टुकड़े मे 09 व 08 स्क्रू पेंच,04 प्लाई के टुकड़े चाकलेट कलर के, एक अदद गैस सिलेन्डर 05 लीटर जिसपर लोहे का बर्नर लगा है के साथ अटल मनरेगा पार्क के पास एवं मुक्ति धाम के पिछे अर्धनिर्मित भवन जवन्सीपुर बहदग्राम जवन्सीपुर से गिरफ्तारी व बरामदगी कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण– 1. विशाल सिंह पुत्र श्री अशोक सिंह निवासी भंगेरी थाना रामपुर जनपद जौनपुर। 2. गोविन्द दुबे उर्फ रामू पुत्र अवधनारायण दुबे निवासी कोटिगाँव थाना रामपुर जनपद जौनपुर। पंजीकृत मु0अ0सं0– 1. मु0अ0सं0 57/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम विशाल सिंह। 2.मु0अ0सं0 58/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम गोविन्द दुबे। 3.मु0अ0सं0 59/22 धारा 5/25 आर्म्स एक्ट बनाम 1. विशाल सिंह 2. गोविन्द दुबे। आपराधिक इतिहास अभियुक्त विशाल सिंह उपरोक्त दृ 1.मु0अ0सं0 10/20 धारा 323/452/504/506 भादवि थाना रामपुर जौनपुर। 2.मु0अ0सं0 11/22 धारा 323/342/504/506 भादवि थाना रामपुर जौनपुर। 3.मु0अ0सं0 12/22 धारा 3/25 शस्त्र अधि0 थाना रामपुर जौनपुर 4.मु0अ0सं0 184/21 धारा 147/323/504 भादवि व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट 5.मु0अ0सं0 206/18 धारा 323/504/506 भादवि थाना रामपुर जौनपुर। 6.मु0अ0सं0 57/22 धारा 3/25 शस्त्र अधि0 थाना नेवढ़िया जौनपुर। 7.मु0अ0सं0 59/22 धारा 5/25 शस्त्र अधि0 थाना नेवढ़िया जौनपुर। आपराधिक इतिहास अभियुक्त गोविन्द दूबे उर्फ रामू

उपरोक्त दृ 1.मु0अ0सं0 47/20 धारा 379/411 भादवि थाना रामपुर जौनपुर। 2.मु0अ0सं0 73/20 धारा 379 भादवि थाना रामपुर जौनपुर। 3.मु0अ0सं0 122/19 धारा 147/323/427435/452/504/506 भादवि थाना रामपुर जौनपुर। 4.मु0अ0सं0 58/22 धारा 3/25 शस्त्र अधि0 थाना नेवढ़िया जौनपुर। 5.मु0अ0सं0 59/22 धारा 5/25 शस्त्र अधि0 थाना नेवढ़िया जौनपुर। बरामदगी का विवरण दृ1. दो अवैध तमंचा 315 बोर व दो जिन्दा कारतूस 315 बोर(विशाल सिंह के कब्जे से) 2. दो अवैध तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर (गोविन्द दुबे) 3. 11 अर्द्धनिर्मित अवैध तमंचे, एक अर्ध निर्मित पिस्टल वाडी व वाडी पार्ट व एक हथौड़ा लोहे का ,2 पेचकश ,एक प्लास, 07 स्पींग,लोहे की छेनी एक,लोहे की एक आरी व तीन ब्लेड लोहे की ,लोहे की पत्ती कटी हुई टुकड़े टुकड़े मे 09 व 08 स्क्रू पेंच,04 प्लाई के टुकड़े चाकलेट कलर के, एक गैस सिलेन्डर 05 लीटर जिसपर लोहे का बर्नर लगा है । गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम – 1.थानाध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह, थाना नेवढ़िया जौनपुर मय टीम। 2.थानाध्यक्ष श्री ओम नारायण सिंह, थाना रामपुर जौनपुर मय टीम। 3.उ0नि0 श्री राघवेन्द्र बहादुर सिंह प्रभारी पुलिस चौकी सिधवन थाना रामपुर जौनपुर। 4.उ0नि0 श्री त्रिवेणी सिंह प्रभारी पुलिस चौकी भाऊपुर थाना नेवढ़िया जौनपुर । 5.उ0नि0 श्री सुदर्शन यादव उ0नि0 श्री धर्मेन्द्र प्रताप सिंह थाना नेवढ़िया जौनपुर। 7. उ0नि0 श्री भगवान यादव थाना रामपुर जौनपुर।

टीबी रोगियों को अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट परिवार ने लिया गोद : वितरण की गई पौष्टिक किट

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट परिवार द्वारा धर्मापुर ब्लाक में चिन्हित सभी टीबी रोगियों को गोद लिया गया। उनके द्वारा क्षेत्र के टीबी रोगियों को प्रतिमाह पौष्टिक आहार किट का वितरण भी किया। संकल्प लिया कि इनकी देखरेख की जिम्मेदारी हमारी रहेगी। इस सम्बन्ध में एक कार्यक्रम का आयोजन रविवार को मालती देवी शिक्षण संस्थान धर्मापुर ब्लॉक पर किया गया। कार्यक्रम के विषय पर जानकारी देते हुये ट्रस्ट की अध्यक्ष उर्वशी सिंह ने बताया कि हमारा प्रयास प्रधानमंत्री भारत सरकार के 2025 तक भारत से क्षय रोग उन्मूलन के लक्ष्य को निर्धारित किया गया है। प्रत्येक टीबी रोगी को दवाइओ के साथ साथ कुछ पोषण सामग्री की आवश्कता होती है, हम टीबी मरीजों को पोष्टीक सामग्री जैसे–गुड मूंगफली दाना दाल,भुना चना सत्तू ,बोर्नबीटा के साथ साथ सोयाबीन उपलब्ध करा रहे हैं। एक माह तक मरीज को देने के बाद हम उसकी मॉनिटरीग भी करेगें कि क्या मरीजो की दी जाने वाली पोषण सामग्री का लाभ उन्हे हो रहा है इसका पता हम मरीजो के वजन/बीएमआई (बॉडी मास इन्डिकेटर से लगायेगें । इसकी शुरूआत हमने धर्मापुर ब्लॉक से शुरू कर दिया है! अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट की संस्थापक दीक्षा सिंह जी ने , बताया कि महामहिम राज्यपाल की मंशानुरुप जनपद मे समस्त टीबी रोगियों को गोद देने की प्रक्रिया जारी है। अतुल्य वेलफेयर ट्रस्ट परिवार की यह पहल सकारात्मक है । जनपद में धर्मापुर ब्लाक को टीबी फ्री ब्लाक के लक्ष्य के साथ चुना गया है। जिसमें हमारा उद्देष्य है कि हम प्रत्येक चिन्हित रोगी को

दवाईयों के साथ कुछ पोषण भी उपलब्ध करवा सकें। जिला प्रभारी मीरा अग्रहरी ने बताया कि टीबी रोगियों के स्वास्थ्य पर नजर रखते हुए पौष्टिक आहार किट उपलब्ध कराई जा रहीं हैं। ट्रस्ट की महासचिव राधिका सिंह जी ने कहा कि गोद लेने को सामाजिक संस्थाएं स्वयं आगे आ रही हैं जोकि अच्छी बात है। ट्रस्ट की सचिव कंचन सिंह ने बताया कि एक समय ऐसा था जब घर का कोई सदस्य क्षय रोग से पीड़ित होता था तो परिवार वाले उसको घर से दूर रहने की व्यवस्था करा देते थे। माइक्रोबैक्टीरिया ट्यूबरक्लोसिस बैक्टीरिया से होने वाली इस बीमारी से मौतों का आंकड़ा अन्य बीमारियों से कहीं अधिक था। अब समय बदल चुका है, हम देश की आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। अब स्वास्थ्य सुविधाएं पूरी तरह से बेहतर हो चुकी हैं, इसलिए घबराने की नहीं, बल्कि सही समय पर पूरा इलाज कराने की जरूरत है।इस मौके पर अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट कोषाध्यक्ष नागेंद्र नाथ सिंह जी, मंडल अध्यक्ष राधेश्याम विश्वकर्मा, उमेश सिंह, नीतेश प्रजापति विकास प्रजापति ज्ञानेन्द्र मौर्य विनोद यादव आदि मौजूद रहे।

आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

डीजे की धुन पर नाच रहे एक बाराती को अबैध तमंचा लहराना पड़ा भारी : भेजा गया जेल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कथौरा सिंगरामऊ से महराजगंज के गद्दोपुर दलित बस्ती मे आयी बारात मे डीजे की धुन पर अबैध तमंचे का प्रदर्शन कर नाचना एक बाराती को भारी पड़ गया ! शादी वर्दी मे खडी पुलिस ने रंगे हाथ अबैध तमंचा समेत पकड लिया ! अबैध असलहा प्रदर्शन करते समय सादी वर्दी मे मौजूद पुलिस वाले से बातकहनी भी हुई उसी समय 112नंबर की पुलिस आ धमकी !पुलिस ने एक को धर दबोचा अन्य साथी भागने मे सफल रहे ! महराजगंज क्षेत्र के गद्दोपुर दलित बस्ती मे अनिल कुमार गौतम के घर 29 मई को सिंगरामऊ के कैथोरा गांव से रमेश गौतम के पुत्र मनोज कुमार की विवाह हेतु बारात आई थी देर शाम डीजे की धुन पर बाराती नाचते गाते द्वारचार परआये उसी बारात मे दुल्हे का एक साथी प्रमोद यदव उर्फ बंटी पुत्र बंशराज यादव निवासी ग्राम नीमा थाना आसपुर देवसरा प्रतापगढ नशे मे धुत अबैध असलहा लहराते डीजे की धुन पर नाच रहा था ! शादी वर्दी मे मौके पर मौजूद महराजगंज की एक पुलिस से अबैध तमंचेधारी से बातविवाद भी हुआ तभी 112नं की पुलिस गाडी आ धमकी !खबर सुनते ही मौके पर थानाध्यक्ष संतोष कुमार शुक्ल हमराहियो के साथ पहुच गये पुलिस ने अबैध असलहा के साथ प्रमोद यादव पुत्र बंशराज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ! घरात मालिक अनिल कुमार गौतम ने बताया कि विवाह मे किसी प्रकार का कोई व्यवधान नही होने पाया बहन की शादी सकुशल सम्पंन हुई।

पुलिया का मुंह बड़ा करने के लिए उठाई मांग

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : औद्योगिक क्षेत्र में जल निकासी के लिए जगह पर पुलिया बनाया गया है। उसका मुंह सकरा होने से नालियों का पानी आगे न जा कर पीछे वापस आने लगता है। जिससे नालियां ओवरफ्लो होकर उसका गंदा पानी सड़कों पर बहने लगता है। खास तौर से बारिश के दिनों में यह नजारा देखने को मिलता है। सीडा विकास समिति के अध्यक्ष शिवा जी सिंह ने बताया कि इस मामले को कई बार उद्योग बंधुओं की बैठक में उठाने के बाद भी सुनी नहीं गई है। जिसका खमियाजा हम उद्यमियों को बारिश के दिनों में भोगना पड़ता है। जिसमें हम लोगों के फैक्ट्रियों में पानी अंदर घुस आता है। समिति के अध्यक्ष सहित उद्यमियों में सुनील यादव, गोल्डी सिंह, संतोष कुमार पाण्डेय, अनिल तिवारी व अनिल चौबे आदि ने जिला प्रशासन से पुलिया का मुंह चौड़ा करवाने की मांग की है।

मोटर मैकेनिक ने पंखे मे फांसी लगाकर की आत्महत्या

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रामपुर थाना क्षेत्र के राघवरामपट्टी गांव में मोटर मकैनिक ने अपने ही गैरेज के अंदर पंखे में दुपट्टा फंसाकर फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। प्राप्त विवरण के अनुसार प्रतिदिन की भांति सुबह जब मकैनिक घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने गैरेज पर जाकर देखा तो कमरे के अंदर फांसी से मृत पड़ा हुआ है। जिसको देखकर परिजनों में रोना पीटना शुरु हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । रघोरामपट्टी गांव के शोभनाथ का 24 वर्षीय पुत्र पंकज बाइक मोटर मैकेनिक का काम करता है। घर से 200 मीटर दूर गाड़ी सर्विस और बाईक गैरेज खोला था। प्रतिदिन की भांति रविवार की रात घर से खाना खाकर अपने गैरेज में सोने चला गया। सुबह 10:00 बजे तक जब पंकज घर नहीं आया, तो परिजन बाइक गैरेज पर पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजे पर परिजनों ने आवाज दिया जब वह नहीं बोला तो पीछे की खिड़की से देखा तो पंखे के सहारे दुपट्टा गले में लगाकर चौकी पर बैठकर झूल रहा था। परिजनों ने किसी तरह सामने से दरवाजा खोलकर अंदर पहुंचे और उसे फांसी से नीचे उतारा। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मोटर मकैनिक पंकज फांसी क्यों लगाया परिजनों के बीच रहस्य बना हुआ है। मृतक के पिता शोमनाथ ने बताया कि मेरी और बच्चे की किसी से भी दुश्मनी भी नहीं थी। मोटर मैकेनिक पंकज की अभी शादी भी नहीं हुई थी। मृतक अपने चार भाइयों में वह सबसे छोटा था। पंकज की मौत की समाचार जैसे ही घर पर महिलाओं के बीच पहुंचा मृतक की मां दहाड़े मार कर रोने लगी। मां को मृतक पंकज बहुत ही प्यार करता था। कभी भी मां से दूर नहीं रह पाता था जिसको लेकर मां काफी दुःखी होकर रो रो कर बता रही थी।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

अच्छा वक्त उसी का होता है जो किसी का बुरा नहीं सोचते।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

सम्पादकीय

5जी नेटवर्क : नए और बेहतर बदलाव

दस दिन पहले यानी 20 मई को केंद्रीय संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आईआईटी, मद्रास द्वारा देसी तकनीक से तैयार एक ट्रायल नेटवर्क पर देश में पहली 5जी कॉल की। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आईआईटी, मद्रास में देश के पहले 5जी टेस्ट बेड का उ द्घाटन किया था, ताकि स्टार्ट अप्स और उद्यमी स्थानीय स्तर पर अपने उत्पादों की जांच और उनकी अभिपुष्टि कर सकें और विदेशी सुविधाओं पर हमारी निर्भरता कम हो। जाहिर है कि 5जी के तैयार उपकरणों और नेटवर्कों को अब विदेशों से मंजूरी लेने की जरूरत नहीं है, देश में ही इसका प्रमाणीकरण केंद्र है, जिसका लाभ 5जी नेटवर्क की दौड़ में शामिल होने की इच्छुक भारतीय कंपनियों को मिलेगा।

मोबाइल फोन और इंटरनेट के आम उपभोक्ताओं के लिए 5जी वायरलेस तकनीक की पांचवीं पीढ़ी है, जो 4जी नेटवर्क की तुलना में अधिक रफ्तार और ज्यादा क्षमता मुहैया कराएगी। यह अब तक की सबसे तेज और मजबूत तकनीक है। 5जी नेटवर्क में इंटरनेट की रफ्तार और बढ़ जाएगी, जिससे डाउनलोड होने में कम समय लगेगा। इसमें वेब पेज लोड करने में कम समय लगेगा और हमारा जीवन, कारोबार और काम करने के तरीके–सब बदल जाएंगे। 5जी आने के बाद भविष्य की हमारी तकनीक सभी चीजों को एक दूसरे से जोड़ देगी–घर, बगैर ड्राइवर वाली कार, स्मार्ट ऑफिस, स्मार्ट सिटी और उन्नत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस। कई अर्थों में, तकनीकों से जिन बेहतर और असंभव बदलावों के बारे में हम अक्सर सोचते हैं, 5जी नेटवर्क से वे सब संभव हैं।

पिछले करीब तीस साल में वायरलेस तकनीक के क्षेत्र में व्यापक रूपांतरण हुआ है। 1जी के शुरुआती दिनों की, जो एनालॉग सेलुलर था और आवाज ही जिसका एकमात्र माध्यम था, विशेषता यह थी कि मोबाइल टेलीफोन अपने उस प्रारंभिक दौर में बिना तार के आवाजाही कर सकता था। काफी दिनों तक 1जी नेटवर्क रहा, जिसे 2जी ने आकर विस्थापित किया। 2जी नेटवर्क की विशेषता यह थी कि आवाज के अलावा इसमें कुछ आंकड़े भी प्रेषित किए जा सकते थे। यानी 2जी नेटवर्क में बात करने की सुविधा के अलावा एक–दूसरे को संदेश (एसएमएस) भेजा जा सकता था। उसके बाद 3जी और 4जी नेटवर्क आए, जो अब भी प्रचलन में हैं। मोबाइल टेलीफोन की तकनीक में यह बड़ा बदलाव था, जिन्होंने वीडियो कॉल, तेजी से डाउनलोडिंग और मोबाइल पर आए कुछ नए एप के जरिये दूरसंचार की हमारी दुनिया ही बदल दी।

वायरलेस तकनीक की हर पीढ़ी ने उपभोक्ताओं को कुछ न कुछ उल्लेखनीय प्रदान किया। 5जी तकनीक भी उपभोक्ताओं को बहुत कुछ नया देने वाली है। अलबत्ता 5जी तकनीक और 5जी के अनुभवों में फर्क है। उदाहरण के लिए, कई देशों में 5जी तकनीक पहले से ही काम कर रही है, लेकिन उन देशों में, यहां तक कि अमेरिका में भी, 5जी तकनीक से होने वाले बदलाव अभी तक संभव नहीं हो पाए हैं। बेशक 5जी 4जी की तुलना में बहुत तेज है, लेकिन 5जी तकनीक से मानव जीवन में होने वाले बदलावों की अभी प्रतीक्षा ही की जा रही है। चुनौतियां यहीं खत्म नहीं हो जातीं। जैसे कि सिर्फ 5जी नेटवर्क का आना काफी नहीं है, आपके पास ऐसे मोबाइल भी होने चाहिए, जो 5जी नेटवर्क के लिए बने हों। बहुत सारे मोबाइल फोन 5जी नेटवर्क को सपोर्ट नहीं करते। जाहिर है, बड़ी संख्या में बाजारों में 5जी नेटवर्क वाले मोबाइल फोन आएंगे, तो उपभोक्ताओं को उनकी महंगी कीमत भी चुकानी पड़ेगी।

अपने ही देश की बात करें, तो 5जी स्पेक्ट्रम में संचालित होने के लिए 5जी टेलीकॉम लाइसेंस की प्रक्रिया पर काम अभी चल ही रहा है। वोडाफोन आइडिया, जिओ और एयरटेल 5जी नेटवर्क की अपनी क्षमता का अभी परीक्षण कर रही हैं। और बेशक इस साल के अंत तक देश में 5जी नेटवर्क की शुरुआत हो जाएगी, इस तकनीक का हमारे जीवन पर पड़ने वाला असर देखने के लिए और कुछ समय तक इंतजार करना पड़ेगा। दूरसंचार विभाग ने यह स्पष्ट कर दिया है कि इस साल 5जी नेटवर्क लांच हो जाएगा, लेकिन शुरुआत में देश के 13 शहरों में ही यह नेटवर्क लागू होगा। उसके कुछ समय बाद ही पूरे देश के लिए 5जी का लाभ उठाना संभव हो सकेगा। 5जी और उसके बाद 6जी तकनीक निश्चित तौर पर भारत को व्यापक तौर पर बदलेगी, परंतु सभी लोगों के लिए इसका लाभ उठाना संभव नहीं। जिन उपकरणों पर 5जी तकनीक का असर साफ दिखता है, उनमें से ज्यादातर का निर्माण भारत में नहीं होता। ऐसे में, 5जी सपोर्ट वाले अनेक गैजेट्स के लिए हमें विकसित देशों पर निर्भर रहना पड़ेगा। जैसे कि दो मुख्य प्लेटफॉर्म–एप स्टोर और एपल स्टोर के लिए सॉफ्टवेयर विकसित करने और उनकी जांच करने के लिए अनेक टेस्टिंग रूम्स की आवश्यकता पड़ेगी।

यह संभावना जताई जा रही है कि 5जी तकनीक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में–खासकर अस्पतालों, हवाई अड्डों और डाटा संग्रहण में बड़ी भूमिका निभाएगी। वायरलेस तकनीक की अगली पीढ़ी सिर्फ फोन तक सीमित नहीं होगी। ऐसे में, जाहिर है कि उसके अनुरूप नेटवर्क, उसके अनुरूप उपकरणों और उसके अनुरूप एप्स के लिए खर्च करने पड़ेंगे। भारत की विशाल आबादी और इंटरनेट व डाटा की भारी जरूरतों को देखते हुए वैश्विक दूरसंचार की होड़ में भारत निश्चित रूप से शामिल है। ऐसे में, 5जी और भविष्य की तकनीकों के परीक्षण की प्रणाली और पारिस्थितिकी तंत्र हमारे यहां हो, यही स्वाभाविक है। इन सब में समय लगेगा। पर 5जी का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ताओं को खर्च करना पड़ेगा। टेलीकॉम हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर का विश्व बाजार चुनींदा देशों की चुनींदा कंपनियों के पास ही है, जिनमें भारत शामिल नहीं है।

यह उज्ज्वल संभावना तो है ही कि भारत 5जी तकनीक विकसित करने वाले देशों में अग्रणी होगा, पर यह तो समय ही बताएगा कि 5जी तकनीक के विकास केंद्र के रूप में भारत विश्व बाजार को आकर्षित कर पाएगा या नहीं। जो टेलीकॉम कंपनियां 5जी सेवा की शुरुआत करने जा रही हैं, उन्हें ढांचागत सुविधाओं पर भी खर्च करना पड़ेगा, ताकि इसकी सेवा पूरे देश में एक जैसी हो और मोबाइल व दूसरे उपकरण उन पर काम कर सकें। अगर इन चिंताओं के उत्तर नहीं आए, तो हमारे पास तकनीक तो होगी, लेकिन उसके ज्यादा उपयोगकर्ता नहीं होंगे।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

विप्र सेवा संघ ने स्वास्थ शिविर में निभाई सहभागिता

रीवा ब्यूरो : आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जिला स्तरीय दो दिवसीय स्वास्थ्य मेला कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय बिछिया रीवा में आयोजित किया गया जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव शुक्ला के मार्गदर्शन मेघ विप्र सेवा संघ के 40 वालंटियर शामिल रहे वालंटियर द्वारा मरीजो को लाया गया उनकी जांच दवाइयां निःशुल्क दिलाई गई जिन लोग का आयुष्मान कार्ड नहीं बना है और योग्य थे उनका कार्ड भी बनाया गया स्वास्थ्य मेला 30–31 मई दो दिवसीय रहेगा जिसमें सभी बीमारियों के डॉक्टर पैथोलॉजी ट विशेषज्ञ टीम शामिल रहे गंभीर रोगियों को रेफर और मार्गदर्शन दिया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री गिरीश गौतम जी विधानसभा अध्यक्ष मध्यप्रदेश शासन भोपाल , श्री राजेन्द शुक्ला जी पूर्व मंत्री , श्री जनार्दन मिश्रा जी सांसद रीवा ,श्री मनोज पुष्प जी कलेक्टर रीवा ,श्री नवनीत भसीन जी पुलिस अधीक्षक रीवा, डॉ एन एन मिश्रा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला रीवा अर्पिता सिंह डीपीएम

डॉक्टर आरती तिवारी पीआरओ, पुष्पा शर्मा जी शिवम शुक्ला संतोष मिश्रा ज्ञानेंद्र सोनी दिव्यांशु शुक्ला दिव्यांशु माझी सूरज संध्या रितिक सिंह अतुल शुक्ला प्रकाश शुक्ला रानी पटेल पूजा सोधिया सिसोदिया प्रसाद द्विवेदी अतुल पांडे शुभम तिवारी आदि अन्य पदाधिकारी और सदस्य शामिल रहे।

डॉक्टर स्वामी भगवदाचार्य ने ''गोस्वामी तुलसीदास विश्व विद्यालय की स्थापना के लिए उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक को दिया ज्ञापन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार गोण्डा के सूकरखेत स्थित गोस्वामी तुलसीदास जी की जन्मभूमि राजापुर गांव के निकट राज्य स्तरीय विश्व विद्यालय की स्थापना करने जा रही है। विश्व विद्यालय के लिए सरकार द्वारा जमीन भी अधिग्रहण किया जा चुका है। गोस्वामी तुलसीदास के नाम पर विश्व विद्यालय का नाम रामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास के नाम से होना चाहिए, क्योंकि विश्व विद्यालय के लिए प्रस्तावित भूमि विकास खण्ड परसपुर परिसर के पास ही गोस्वामी तुलसीदास जी का जन्म स्थान है। इसलिए उनके नाम पर विश्व विद्यालय का नाम होना बहुत समीचीन होगा। गोस्वामी तुलसीदास विश्व के महान कवियों में एक है। उनका रामचरितमानस झोपड़ी से लेकर महलों में भी लोकप्रिय है। अभी हाल में महापुरूषों के नाम पर राज्य सरकार द्वारा कुछ विश्व विद्यालयों का नामकरण किया गया है। सहारनपुर में माँ शाकंभरी विश्व विद्यालय, अलीगढ़ में राजा महेन्द्र सिंह विश्व विद्यालय, गोरखपुर में गुरु गोरखनाथ आयुष विश्व विद्यालय तथा आजमगढ़ में महाराजा सुहेल देव विश्व विद्यालय का नामकरण किया गया है। भारतीय संस्कृति के संरक्षक तुलसीदास के नाम पर गोस्वामी तुलसीदास विश्व विद्यालय का नामकरण किया जाना अति उत्तम् होगा। डॉ० स्वामी भगवदाचार्य ने उक्त जानकारी दी।

कृष्णानगर पुलिस टीम ने गाजा तस्करी करने वाली एक नफर शातिर अभियुक्ता को किया गिरफ्तार

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। कमिश्नरेट लखनऊ में अपराध की रोकथाम अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु डी०के० ठाकुर, पुलिस आयुक्त लखनऊ के द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपणो रजत कौशिक, पुलिस उपायुक्त मध्यलखनऊ, राघवेन्द्र मिश्र, अपर पुलिस उपायुक्त मध्य लखनऊ के कुशल पर्यवेक्षण एवं पवन गौतम सहायक पुलिस आयुक्त कृष्णानगर लखनऊ के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक कृष्णानगर आलोक कुमार राय के नेतृत्व में गठित कृष्णानगर पुलिस टीम के द्वारा गाजा बेचकर तस्करों करने वाली एक नफर अभियुक्ता 01. रामबेटी शुक्ला पत्नी बृजेश पाण्डेय निवासिनी लखाहपुर थाना फुलबेहड़ा लखीमपुर खीरी वर्तमान पता किराय का मकान बैद्रानगर थाना सरोजनीनगर लखनऊ उम्र करीब 30 वर्ष को मुखबिर की सूचना पर गोल्डन सिटी से मय 550 ग्राम नाजायज गाजा 07 अदद पुड़िया गाजा की तथा गाजा बिक्री से प्राप्त 650 रुपये नगद सहित गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। माल बरामदगी

के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 273/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्ता उपरोक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजकर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक अभय कुमार बाजपेई उप निरीक्षक सागर खुराना उप निरीक्षक प्रवीण पाल महिला उपनिरीक्षक रसना संखवार कांस्टेबल जितेन्द्र शर्मा थाना कृष्णानगर कमिश्नरेट लखनऊ शामिल रहे।

आधुनिक भारत के निर्माता जवाहरलाल नेहरू

मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊ : देश के पहले प्रधानमंत्री होने के साथ ही जवाहरलाल नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता भी हैं देश की आजादी से लेकर आजाद भारत को समृद्ध बनाने में एवं भारत को लोकतांत्रिक गणराज्य की स्थापना में पंडित नेहरू की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विविधतापूर्ण विशाल आबादी वाले भारत देश को एकजुट करने की चुनौती का सामना करते हुए पंडित नेहरू ने सफलतापूर्वक विभिन्न आर्थिक, समाजिक, और शैक्षिक सुधारों की स्थापना की जिनसे उन्हें लाखों भारतीयों का सम्मान और प्रशंसा मिली। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश को आधुनिक बनाने के लिए जो काम किए उन्हें भुलाया नहीं जा सकता उन्होंने शिक्षा से लेकर उद्योग जगत को बेहतर बनाने के लिए कई काम किए उन्होंने आईआईटी, आईआईएम, और विश्वविद्यालय की स्थापना की, साथ ही उन्होंने भाखड़ा, नांगल बांध, रिहंद बांध,और बोकारो इस्पात कारखाना की स्थापना की, पंडित नेहरू ने अपनी दूरदृष्टि और समझ से जो पंचवर्षीय योजनाएं बनाई उनसे देश को आज भी लाभ मिल रहा है। स्वतंत्रता मिलने के बाद 565 आजाद रियासत को भारत से जोड़ने पर काम किया जवाहरलाल नेहरू की दूरदर्शी सोच और परिश्रम से कश्मीर भारत का अंग बना, क्योंकि जिन्ना कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा बनाना चाहते थे और अमेरिका इंग्लैंड स्वतंत्र कश्मीर के पक्ष में थे, लेकिन नेहरू यह मानते थे की कश्मीर के ताज के बगैर भारत अधूरा होगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि नेहरू ने आजादी के बाद लोकतंत्र की मिट्टी को इस तरह से पोषित किया कि इसकी समृद्धि में भारतीयों की कई पीढ़ियां फली फूली, पंडित नेहरू प्रत्येक नागरिक को उनकी जाति, पंथ, लिंग, और भाषा के बावजूद मतदान का अधिकार प्रदान करने के इच्छुक थे ऐतिहासिक रूप से मतदान का अधिकार चरणों में प्रदान किए गए, दुनिया

को इस पर संदेह था लेकिन पंडित नेहरू को भारत की जनता पर विश्वास था और उस विश्वास ने भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। पंडित नेहरू की आस्था मजबूत लोकतंत्र में थी इसलिए 1957 और 62 के आम चुनाव में लगातार जीत के बाद भी उन्होंने विपक्ष का पूरा सम्मान दिया,1963 में अपनी पार्टी के सदस्यों के विरोध के बावजूद भी अपनी सरकार के विरुद्ध विपक्ष के द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा कराना मंजूर किया। जवाहरलाल नेहरू ने संस्थाएं स्थापित करके हमारी लोकतांत्रिक जड़ों को मजबूत किया, लेकिन आज भाजपा संस्थाओं को ध्वस्त करके लोकतंत्र को कमजोर कर रही हैं। पंडित नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि 8 वर्षों में भाजपा ने संस्थाओं को ध्वस्त करके लोकतंत्र को कमजोर किया है भारत को अब पहले से कहीं ज्यादा भारत जोड़ों की जरूरत है। जवाहरलाल नेहरू ने जिन लोकतांत्रिक मूल्यों को आगे बढ़ाया था आज उससे जुड़ी विरासत को कमतर करने की कोशिश हो रही है, और उसे चुनौती दी जा रही है। उन्होंने अपनी नीतियों और योजनाओं में सभी समुदाय को संरक्षण देने पर काम किया। उन्होंने कभी भी भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने को नही सोचा। कांग्रेस सांसद डॉ शशि थरूर अपनी पुस्तक में लिखते है पंडित नेहरू ने देश को आईआईटी, आईआईएम,इसरो, डीआरडीओ और कई अहम संस्थाएं दिए और देश को विकास की मजबूत बुनियाद डाली, लोगों को आजादी के समय के भारत की स्थिति के बारे में जानना चाहिए उसके बाद पता चलेगा कि नेहरू ने भारत को किस तरह विकास के पथ पर आगे बढ़ाया।

पिहानी में तैनात पुलिसकर्मी ने पेश की ईमानदारी की मिसाल : एक्सीडेंट में मृतक की पत्नी को सौंपा आभूषण और रुपयों से भरा बैग

हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना)हर भाई का सपना होता है कि अपने प्यारी बहना की डोली को विदा करें, लेकिन तब क्या हो जब डोली उठने से पहले ही भाई की अर्थी उठ जाए। पिहानी कोतवालीमें एक ऐसा ही मामला सामने आया है। जहां बहन की शादी के दो दिन पहले अज्ञात वाहन की चपेट में आने से भाई की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक जयपाल पुत्र गंगाराम निवासी रेला खेड़ा राभा लुधियाना में पत्नी व बच्चों के साथ मजदूरी करता था। जयपाल अपनी बहन की शादी में शामिल होने के लिए पत्नी बच्चों के साथ रेला खेड़ा आ रहा था । उसकी बहन की शादी 30 मई सोमवार को है। शनिवार को पत्नी को गांव के किनारे छोड़कर अपनी ससुराल कुल्हाबर मे जेलर व मोटरसाइकिल लेने गया था। वापस आते समय सहादत नगर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से उसकी दर्दनाक मौत हो गई । मौके पर मौजूद इंचार्ज मोहम्मद अजीम ,संजीव सोनी ,दिलीप कुमार ,मलिक ,गंगाराम पुलिसकर्मियों ने जयपाल के शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं दूसरी तरफ शादी की खुशियां मातम में तब्दील हो गई बहन पत्नी व

परिजनों का रो रो के बुरा हाल है । राभा प्रधान बबलू लूंगी ने परिजनों के दुख में शरीक होकर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। कोतवाल डीके सिंह ने एक्सीडेंट में भाई की मौत व बहन की शादी की खुशियां मातम में बदलने पर गहरा शोक व्यक्त किया। मृतक जयपाल की बाइक की डिग्गी में रखा 200000 का जेवर ,नगद रुपया व मोबाइल मृतक की पत्नी व परिजनों को सुपुर्द कर दिया। कोतवाल डीके सिंह में संजीव सोनी ,गंगाराम ,मलिक व दिलीप कुमार के इस ईमानदारी पर पीठ थपथपाई।

विकासखंड पिहानी में आयोजित तीन दिवसीय आर्ट आफ लिविंग कार्यक्रम का समापन

हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना) पिहानी कस्बे के विकास खंड कार्यालय की सभागार में चल रहे तीन दिवसीय आर्ट आफ लिविंग कार्यक्रम का समापन किया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम में योग प्राणायाम ध्यान वाह सुदर्शन क्रिया करने पर जोर दिया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य केवल सकारात्मक जीवन यापन करने का है। समापन के अवसर पर ब्लाक प्रमुख कुशी बाजपेई ने कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग संगठन की स्थापना सन 1981 में श्री श्री रवि शंकर जी के द्वारा की गई। यह संगठन शैक्षिक और मानवीय मूल्यों के विकास कार्यों में रत हैं। इसके शिक्षात्मक कार्यक्रम तनाव को मिटाने और कुशल मंगल की भावना उत्पन्न करने के साधन प्रदान करते हैं। यह संगठन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 152 देशों में सक्रिय रूप से सेवा कार्य कर रहा है। आर्ट ऑफ लिविंग के कार्यक्रमों ने लाखों लोगों के जीवन को छुआ है। अजबापुर चीनी मिल के जनरल मैनेजर ने कहा कि सभी कार्यक्रम श्री श्री के शांति सिद्धांत से प्रेरित हैं। उनका कहना

है कि ''जब तक हमारा मन तनाव रहित और समाज हिंसा मुक्त नहीं होता तब तक विश्व में शांति की स्थापना नहीं हो सकती'' ।आर्ट ऑफ लिविंग तनाव को दूर करने वाले कार्यक्रम प्रदान करता है जिनमें सांस की क्रियाएँ ,ध्यान और योग शामिल हैं। जनरल मैनेजर ने कहा कि श्री श्री के मार्गदर्शन में मानवतावादी कार्यक्रमों के माध्यम से आर्ट ऑफ लिविंग विभिन्न समुदायों में शांति स्थापना के प्रयासों में रत है।इसमें द्वन्द समाधान, प्राकृतिक आपदाओं से पीड़ित लोगों की सहायता, चिरस्थायी ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, कैदियों का पुनरुद्धार, सब के लिए शिक्षा और पर्यावरण के दीर्घकालिक विकास जैसे कार्यक्रम शामिल हैं।

स्त्री वेलफेयर फाउंडेशन ने माहवारी स्वच्छता पर दिया संदेश

मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊ। स्त्री वेलफेयर फाउंडेशन के मिशन–कैंसर फ्री इंडिया के तत्वाधान में उत्तरी विधानसभा क्षेत्र में एक जागकता का आयोजन किया गया जिसमें उत्तरी विधानसभा के वार्ड अध्यक्ष एवं पदाधिकारीयों द्वारा आयोजित बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्षा नीलू त्रिवेदी, राष्ट्रीय प्रवक्ता वी बी पाण्डेय एवं पूनम गुप्ता,प्रवीना भूषन ने अतिथि रूप में शिरकत की। बैठक में महिलाओं को माहवारी स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी गई एवं कैंसर से बचने के उपाय बताए गए एवं शारीरिक स्वच्छता के साथ–साथ पर्यावरण को भी स्वच्छ रखने पर चर्चा की गई। बैठक में संगठन के सदस्यों को मुफ्त मैमोग्राफी एवं पेप स्मेर की सुविधा के बारे में अवगत कराया गया और जांच कराने हेतु प्रोत्साहित किया गया, संगठन की बैठक में स्वस्थ भारत – समृद्ध भारत की पृष्ठभूमि पर आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कैंसर जागरूकता अभियान के साथ–साथ स्वच्छता, शारीरिक स्वक्षता के साथ सामाजिक स्वच्छता एवं पर्यावरण को भी स्वच्छ रखने का संदेश देने हेतु एक कैंप का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। जिसमें संस्था के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी सम्मिलित होंगे। स्त्री वेलफेयर फाउंडेशन समाज के उन सभी मुद्दों पर कार्य कर रहा है जिससे स्वास्थ्य लाभ व पर्यावरण की सुरक्षा हो और महिलाओं में स्वाबलंबन का आधार बढे। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष नीलू त्रिवेदी, डा. राजीव,डा. अर्पिता सिंह ने उपस्थित महिलाओं को माहवारी के दौरान होने वाले संक्रमण आदि से बचने के उपाय

बताएं तथा कैंसर जैसी भयावह बीमारी से बचने के लिए प्रारंभिक स्तर पर जांच करवाने तथा अनुभवी डॉक्टरों से परामर्श लेने की बात कही संस्था अपने सदस्यों को उपरोक्त सुविधा निशुल्क प्रदान करवा रही हैं। संस्था के राष्ट्रिय प्रवक्ता वी बी पाण्डेय ने बताया आगामी पर्यावरण दिवस के अवसर पर संस्था द्वारा क्षेत्र में बैठकों एवं जागरूकता अभियान के द्वारा पर्यावरण की स्वच्छता पर जोर देने के साथ ही स्वस्थ पर्यावरण की आवश्यकताओं को संगठन के सहयोगी एवं शैक्षिक संस्थानों के माध्यम से प्रचारित एवं प्रसारित किया जाएगा। कैंसर से बचाव के लिए पर्यावरण का भी शुद्ध एवं स्वच्छ होना जरूरी बताया गया। कार्यक्रम को प्रवक्ता वी बी पाण्डेय के द्वारा उपस्थित जनसभा को संबोधित किया गया। जिसमें हेल्दी एनवायरमेंट कैंसर से बचाव के लिए कितना जरूरी है इस पर प्रकाश डाला गया। पूनम गुप्ता के द्वारा स्तन कैंसर पर विशेष चर्चा की गई। बैठक में मधु गुप्ता,नीलम सिंह, रशमी सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

प्रतिभाशाली युवाओं को प्रवक्ता बनाएगी कांग्रेस : विपुल मिश्रा

मृत्युन्जय प्रताप सिंह : गाजीपुर के दुल्लहपुर कांग्रेस मुख्यालय एमबी पैलेस हाल में आयोजित प्रेसवार्ता में युवा कांग्रेस द्वारा यंग इंडिया के बोल सीजन – 2 राष्ट्रीय स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का विमोचन किया गया। इस अवसर कार्यक्रम का विमोचन करने आए युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव दिव्यांशु पांडेय मौजूद रहे, जिला महासचिव जावेद आलम ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि यंग इंडिया के बोल केवल एक भाषण प्रतियोगिता नहीं हैं बल्कि यह अभिव्यक्ति का मंच हैं, जिस दौर में सरकार लोगों की बोलने की स्वतंत्रता छीनने का काम रही उस दौर में युवा कांग्रेस देश के युवाओं को अपनी आवाज बुलंद करने के लिए मंच व अवसर प्रदान कर रही हैं। उ. प्र. युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव दिव्यांशु पांडेय ने बताया कि आज देश में महंगाई, बेरोजगारी, बिगड़ी हुई अर्थव्यवस्था, सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण जैसे अनेकों ज्वलंत मुद्दे हैं परंतु सरकार अपनी विफलताओं एवम निकम्मेपन को छुपाने के लिए इन मुद्दों पर चर्चा व बहस करने के बजाय जनता को फिजूल के मुद्दों में उलझाकर उनका ध्यान भ्रमित करने का काम कर रही हैं। एनएसयूआई के पूर्व महासचिव अनुज तिवारी ने बताया युवा कांग्रेस ऐसे में यह मंच देश के युवाओं की मुखर आवाज बनेगा। जिला अध्यक्ष शहर गाजीपुर विपुल मिश्रा ने कहा की यह राहुल गांधी का ड्रीम प्रोजेक्ट है देश के हम युवाओं के बत्तख कौशल को बढ़ावा देना वह उन्हें राजनीति के मुख्यधारा से जोड़कर सहभागी लोकतंत्र को मजबूत बनाना इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य व उद्देश्य है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिव्यांशु पांडे जावेद आलम जिम्मी,अनुज तिवारी उत्कर्ष तिवारी आदि युवा कांग्रेसी मौजूद रहे।

10 हजार रूपये का इनामियां वांछित शातिर अभियुक्त अपने तीन साथियों संग पुलिस मुठभेड में गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान व आपरेशन पाताल लोक के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री शैलेन्द्र सिंह के निर्देशन एंव श्रीमान् क्षेत्राधिकारी बदलापुर श्री शुभम तोदी के कुशल पर्यवेक्षण में बिती रात्रि थाना बदलापुर व सिगरामऊ की संयुक्त टीम द्वारा 10 हजार रूपये का इनामियां वांछित अभियुक्त को उसके तीन साथियों संग पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया व दो शातिर अभियुक्त मौके से फरार हो गये। पुलिस की टीम द्वारा रात्रि गस्त के दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि शातिर वांछित अभियुक्त अपने साथियों के साथ एक बड़ी घटना को अजांम देने की फिराक मे है और अगर जल्दी की जाय तो उनको पकड़ा जा सकता है। इस सूचना पर विश्वास कर के पुलिस की टीम द्वारा फत्तुपुर क्रासिंग के पास पहुंचकर उक्त बदमाशों के आने का इन्तजार करने लगे तभी वहां से तेज रफ्तार में दो बाइक क्रासिंग से बदलापुर की तरफ से आते दिखाई दिये पुलिस द्वारा इनको रोकने का प्रयास करने पर बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। उक्त फायरिंग से का0 विश्वेश द्विवेदी घालय होकर गिर पड़े। प्रभारी निरीक्षक बदलापुर व थानाध्यक्ष सिगरामऊ द्वारा की गयी जवाबी फायरिंग में दो बदमाशों के पैर मे गोली लगी जिससे दोनो बदमाश घायल होकर गिर पडे। घायल बदमाशों को बाद प्राथमिक उपचार सीएचसी बदलापुर से सदर अस्पताल जौनपुर के लिए रेफर कर दिया गया। सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है । घायल अभियुक्त 1. राजकुमार यादव उर्फ गोबिन्द पुत्र अभय राज यादव नि0 डड़वा थाना बदलापुर जौनपुर। 2. मोनू यादव पुत्र समरनाथ यादव उर्फ साजन नि0 डड़वा थाना बदलापुर जौनपुर। गिरफ्तार अभियुक्त– 1–सतीश यादव उर्फ कल्लू पुत्र मनोज यादव नि0 मोलनापुर थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। 2– सौरभ यादव उर्फ वकील पुत्र अशोक यादव नि0 डड़वा थाना बदलापुर जौनपुर। वांछित अभियुक्त– 1–योगेश यादव पुत्र शिवशंकर यादव नि0 सुल्तानपुर थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। 2–शैलेन्द्र यादव पुत्र रामअभिलाख यादव नि0 सरायगुंजा थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। बरामदगी– 1–नगद 3550/– रूपये । 2– एक अदद मोटरसाइकिल पैशन प्रो। 3–एक अदद मोटरसायकिल सीडी डीलक्स। 4–एक अदद तमंचा 12 बोर। 5–तीन अदद तमंचा 315 बोर। 6–छः अदद जिंदा कारतूस 315 बोर। 7–दो अदद जिंदा कारतूस 12 बोर। 8– तीन अदद खोखा कारतूस। 9–दो अदद मोबाइल इस्ते माली। आपराधिक इतिहास–1–सतीश यादव उर्फ कल्लू पुत्र मनोज यादव नि0 मोलनापुर थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। 1–मु0अ0सं0–108/22 धारा 147/452/504/506 भादवि थाना बदलापुर, जौनपुर। 2–मु0अ0सं0–68/22 धारा 356 भादवि थाना बदलापुर, जौनपुर। 3–मु0अ0सं0–124/22 धारा 307 भादवि थाना बदलापुर, जौनपुर। 4–मु0अ0सं0–125/22 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम थाना बदलापुर, जौनपुर। 2–राजकुमार यादव उर्फ गोबिन्द पुत्र अभय राज यादव नि0 डड़वा थाना बदलापुर जौनपुर। 1–मु0अ0सं0–212/20 धारा 323/354/452/504/506 भादवि थाना बदलापुर, जौनपुर। 2–मु0अ0सं0–108/22 धारा 147/452/504/506 भादवि थाना बदलापुर, जौनपुर। 3–मु0अ0सं0–68/22 धारा 356 भादवि थाना बदलापुर, जौनपुर। 4–मु0अ0सं0–124/22 धारा 307 भादवि थाना बदलापुर, जौनपुर। 5–मु0अ0सं0–126/22 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम थाना बदलापुर, जौनपुर। 3–मोनू यादव पुत्र समरनाथ यादव उर्फ साजन नि0 डड़वा थाना बदलापुर जौनपुर। 1–मु0अ0सं0 59/22 धारा 387/452/506 भादवि थाना बदलापुर, जौनपुर। 2–मु0अ0सं0–108/22 धारा 147/452/504/506 भादवि थाना बदलापुर, जौनपुर। 3–मु0अ0सं0–48/22 धारा 323/504/506 भादवि थाना बदलापुर जौनपुर।

4–मु0अ0सं0–68/22 धारा 356 भादवि थाना बदलापुर, जौनपुर। 5–मु0अ0सं0–124/22 धारा 307 भादवि थाना बदलापुर, जौनपुर। 6–मु0अ0सं0–127/22 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम थाना बदलापुर, जौनपुर। 4–सौरभ यादव उर्फ वकील पुत्र अशोक यादव नि0 डड़वा थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। 1–मु0अ0सं0–108/22 धारा 147/452/504/506 भादवि थाना बदलापुर, जौनपुर। 2–मु0अ0सं0–124/22 धारा 307 भादवि थाना बदलापुर, जौनपुर। 3–मु0अ0सं0–128/22 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम थाना बदलापुर, जौनपुर। गिरफ्तारी करने वाली टीम दृ 1–प्रभारी निरीक्षक बदलापुर श्री योगेन्द्र सिंह। 2–थानाध्यक्ष सिंगरामऊ श्री कमलेश कन्नौजियां। 3–उ0नि0 श्री राजेन्द्र प्रसाद थाना बदलापुर, जौनपुर । 4–उ0नि0 श्री हरिनारायण पटेल थाना बदलापुर जौनपुर। 5–का0 दीपक मौर्या थाना बदलापुर, जौनपुर। 6–का0 विश्वेश द्विवेदी थाना बदलापुर जौनपुर। 7–का0 परमानंद यादव थाना बदलापुर जौनपुर। 8–का0 आशुतोष तिवारी थाना बदलापुर जौनपुर। 9–का0 विपिन यादव थाना बदलापुर जौनपुर। 10–का0 लक्ष्मण कुमार थाना सिगरामऊ जौनपुर। 11–का0 अजय यादव थाना सिंगरामऊ जौनपुर। 12– का0 संदीप यादव थाना सिंगरामऊ जौनपुर।

अपाचे सवार दो बदमाशों ने महिला के गले से छीनी सोने की चेन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली क्षेत्र के महराजगंज रोड पर स्थित सार्थक पेट्रोल पंप के पास अपाचे सवार दो बदमाशों ने महिला के गले से सोने की चेन खींचकर फरार हो गए। घटना को लेकर मौके पर हड़कंप मच गया। घटना के बाद पीड़ित की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह हमराही सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचकर पीड़ित से घटना के बारे में जानकारी लिया। घटना सोमवार सुबह की है। राम प्रताप सिंह निवासी कड़ेरेपुर थाना बदलापुर अपनी पत्नी साधना सिंह को स्कूटी से लेकर बदलापुर इलाज कराने आए थे। दवा लेने के बाद वह अपने घर जा रहे थे कि सार्थक पेट्रोल पंप के पास अपाचे बाइक सवार दो बदमाशों ने उन्हें धक्का देकर स्कूटी से गिरा दिया। जब तक राम प्रताप सिंह कुछ समझ पाते कि उनकी पत्नी के गले से बदमाश सोने की चेन छीन कर भाग गए। स्कूटी से गिरने के बाद पत्नी साधना सिंह को गंभीर चोटें भी आई हैं। प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह ने बताया कि घटना के बारे में तहरीर मिलने पर केस दर्ज कार्यवाही की जाएगी!

गैंगेस्टर में वांछित आरोपी अवैध तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बीती रात खेतासराय पुलिस ने काफी दिनों से गैंगेस्टर में फरार चल रहे आरोपी को चेकिंग के दौरान नगर के कन्या विद्यालय मोड़ से गिरफ्तार कर लिया । थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश राय ने बताया की धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट मे वांछित आरोपी अफसर बद्दार निवासी वार्ड नंबर 8 चौहट्टा नगर पंचायत खेतासराय को रविवार की रात्रि 08:30 बजे चेकिंग के दौरान आदर्श कन्या स्कूल के पास से एक अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया । आरोपी अफसर बद्दार के खिलाफ धारा 3 / 25 आर्म्स एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में मुख्य रूप से श्रीप्रकाश राय थानाध्यक्ष ,उप निरीक्षक राजेश कुमार मिश्र , कांनिस्टेबल छठ्ठू यादव, कांनिस्टेबल दिनेश यादव , कानिस्टेबल अमरनाथ यादव शमिल रहे।

हैण्डपंप से दूषित पानी आने से यात्री परेशान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंगराबादशाहपुर के रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म पर लगे हैण्डपंप से दूषित पानी आने से यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही हैद्यएक तरफ गर्मी आपने चरम सीमा पर है। दूसरी तरफ पानी की किल्लत यात्रियों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। वहां लगभग आधा दर्जन पानी के लिए हैण्डपंप लगाया गया है। उसमें से अधिक हैण्डपंप खराब हो चुका है। जो हैण्डपंप पानी भी दे रहा है ,वह गंदा पानी देने के कारण पीने योग्य नहीं है। शिकायत पर भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष राजनाथ यादव अपने साथियों के साथ स्टेशन पहुंच गए। देखा कि हैण्डपंप से दूषित पानी निकल रहा है। इसे देख कर वे भड़क गए और स्टेशन मास्टर से इसकी शिकायत की। उन्होंने चेतावनी दिया कि यदि जल्द खराब हैण्डपंप को तथा गंदा पानी दे रहे हैण्डपंप को ठीक नहीं कराया गया तो उसके लिए जनअन्दोलन होगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने बताया कि यहां पर पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है। आरो मशीन भी नहीं लगया गया है। स्टेशन अधीक्षक आर बी राम ने बताया कि हैण्डपंप को ठीक कराने के लिए विभाग को पत्र भेजा गया है। मुख्य रूप से सुरेश पटेल,जगदंबा गौड़ व प्रमोद सिंह पटेल आदि यूनियन के कार्यकर्ता मौजूद थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया भूमि पूजन व शिलान्यास तथा पौध रोपण

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज क्षेत्रीय केंद्र गोरखपुर का भूमि पूजन व शिलान्यास तथा पौध रोपण मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ ने जीडीए कारपोरेट

पार्क रामगढ़ ताल रोड गोरखपुर में किया।सांसद रवि किशन राज्य सभा सांसद जय प्रकाश निषाद महापौर सीताराम जैसवाल राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज कुलपति सीमा डीएम विजय किरन आनंद एसएसपी डॉ विपिन ताड़ा सहित अन्य मौजूद रहे।

आर्बिट्रेशन निष्पादन वादों के निस्तारण हेतु आयोजित हुई विशेष लोक अदालत

जौनपुर सू.वि. : राष्ट्रीय व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्षा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं कुशल निर्देशन में जनपद न्यायालय परिसर, जौनपुर में 29 मई 2022 को आर्बिट्रेशन विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। विशेष लोक अदालत का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश/अध्यक्षा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर द्वारा मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। विशेष लोक अदालत में अपर जनपद न्यायाधीशगण, सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उपस्थित रहे। विशेष लोक अदालत में जनपद न्यायालय के सत्र न्यायाधीशगण द्वारा कुल 354 आर्बिट्रेशन निष्पादन वाद नियत किए गए। न्यायालय जनपद न्यायाधीश द्वारा 04 वाद, न्यायालय प्रथम, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा 01 वाद, पंचम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट द्वारा 01 द्वारा वाद, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट, तृतीय द्वारा 01 वाद, अपर जिला जज/एफ0टी0सी0 प्रथम द्वारा 02 वाद, अपर जिला जज/एफ0टी0सी0 द्वितीय द्वारा 01 वादों सहित कुल 10 मामलों का निस्तारण किया गया।

मिशन शक्ति फेज–4 अन्तर्गत जागरुकता शिविर एवं महिला जनसुनवाई का आयोजन संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार ने अवगत कराया है कि मिशन शक्ति फेज–4 के अन्तर्गत महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाये विषयक जागरुकता शिविर एवं महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया है। खण्ड विकास अधिकारी सिकरारा सभागार में 01 जून 2022 को जागरुकता चौपाल का आयोजन अपरान्ह् 01.00 बजे की जायेगी। जागरुकता शिविर में 40 आंगनबाड़ी कार्यकर्ती एवं 30 अध्यापिका प्राथमिक विद्यालय द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। जागरुकता चौपाल में उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनायें यथा निराश्रित महिलाओं का पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, आयुष्मान कार्ड बनवाये जाने, कन्या सुमंगला योजना से आच्छादित बालिकाओं को लाभ दिलाये जाने सम्बन्धित आवश्यक कार्यवाही करने के साथ ही 02.00 बजे से निरीक्षण भवन लाइन बाजार जौनपुर में जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा।

स्वाट सर्विलांस एवं थाना चन्दवक व केराकत की संयुक्त पुलिस टीम के साथ हुई पुलिस मुठभेड़ में तीन शातिर अपराधी गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथान एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण एवं गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान आपरेशन पाताल लोक के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी केराकत के निकट पर्यवेक्षण व दिशा निर्देशन में दिनांक 30.05.2022 की रात्रि में थाना चन्दवक पुलिस द्वारा गश्त के दौरान दो मोटरसाइकिल से तीन बदमाश दिखाई दिये, जिन्हे पुलिस द्वारा रोकने पर बदमाशों द्वारा पुलिस पर फायर करते हुए देवलाशपुर मुसहरिया हरिहरपुर मार्ग पर भागने लगे, जिनकी घेराबन्दी थाना केराकत व चन्दवक पुलिस एवं सर्विलांस की टीम द्वारा की गयी। बदमाश अपने को घिरता देख पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया पुलिस द्वारा अपने को बचाते हुए आत्मरक्षार्थ फायर किया गया जिसमें एक अभियुक्त 1. सूरज कुमार गौतम पुत्र नामवर गौतम,ग्राम महुआरी थाना बरसठी के पैर में गोली लगी तथा दो अन्य अभियुक्त 2. असलम अली पुत्र जुम्मन अली ग्राम करौरा थाना मछलीशहर जौनपुर। 3. राजकुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह पुत्र जंग बहादुर सिंह ग्राम महुआरी थाना बरसठी जौनपुर। घायल बदमाश को इलाज हेतु सीएचसी बीरी बारी चंदवक भेजा गया है। अभियुक्तों के पास से दो मोटरसाइकिल, 02 तमंचा 315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस, 02 खोखा कारतुस, एक रामपुरी चाकू व 4 सफेद धातु के जेवरात, एक पीली धातु के चेन व 7500/– रुपया नगद बरामद हुआ। जिसके सम्बन्ध थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। घायल अभियुक्त:– 1. सूरज कुमार गौतम पुत्र नामवर गौतम,ग्राम महुआरी थाना बरसठी जौनपुर। गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण– 1. असलम अली पुत्र जुम्मन अली ग्राम करौरा थाना मछलीशहर जौनपुर। 2. राजकुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह पुत्र जंग बहादुर सिंह ग्राम अल्लापुर थाना मछली शहर जौनपुर बरामदगी का विवरण 1. दो मोटरसाइकिल 2. 02 तमंचा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस, 02 खोखा कारतुस 3. 01 रामपुरी चाकू 3. 4 सफेद धातु के जेवरात, एक पीली धातु के चेन 4. 7500/– रुपया नगद आपराधिक इतिहास अभियुक्तगण 1.सूरज कुमार गौतम पुत्र नामवर गौतम,ग्राम महुआरी थाना बरसठी जौनपुर। 1. मु0 अ0 सं0 54/18 धारा 20/8 NDPS ACT थाना बरसठी जनपद जौनपुर । 2. मु0अ0 सं0 133/20 धारा 20ब्8 छक्वै ।ब्ज थाना बरसठी जनपद जौनपुर । 3. मु0अ0 सं0 86/22 धारा 307/411 पचब थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 4. मु0अ0 सं0 87/22 धारा 3/25 A Act थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। अभियुक्त राज कुमार सिंह उर्फ बबलू पुत्र जंग बहादुर सिंह निवासी अल्लापुर थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर 1. मु0 अ0 सं0 43/22 ध्ारा 20/8 छक्वै ।ब्ज थाना मुगराबादशाहपुर जनपद जौनपुर । 2. मु0 अ0 सं0 42/22 धारा 419/420 IPC थाना मुगराबादशाहपुर जनपद जौनपुर । 3. मु0 अ0 सं0 86/22 धारा 307/411 पचब थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 4. मु0 अ0 सं0 88/22 धारा 3/25A ACT थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। अभियुक्त असलम अली पुत्र जुम्मन अली निवासी करैरा थाना मछली शहर जनपद जौनपुर 1. मु0 अ0 सं0 78/21 धारा 380/457 IPC थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर । 2. मु0 अ0 सं0 86/22 धारा 307/411 ipc थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 3. मु0 अ0 सं0 89/22 धारा 4/25 A Act थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी टीम का विवरण 1. थानाध्यक्ष रमेश कुमार थाना चन्दवक, जौनपुर। 2. प्र0नि0 संजय वर्मा थाना केराकत जौनपुर 3. सर्विलांस टीम प्रभारी रामजनम यादव 4. उ0नि0 जितेन्द्र बहादुर सिंह, उ0नि0 सुदामा प्रसाद थाना चन्दवक 5. मु0आ0 विजय कुमार दुबे, मु0आ0 सुमन्त सिंह, का0 सुरज कुमार, का0 जयप्रकाश यादव,का0 सोनू गुप्ता, का0 प्रदीप यादव थाना चन्दवक 6. उ0नि0 विनित पाठक थाना केराकत जौनपुर। 7. हे0का जयचन्द, का0 अनुप यादव थाना केराकत जौनपुर। 8. हे0का अमित कुमार राय, हे0का0 संदीप सिंह, हे0का0 भाईलाल सोनकर,हे0का0 अखिलेश चौधरी, हे0का0 गोविन्द तिवारी,हे0का0 विनय कुमार सिंह,का0 भानू प्रताप,का0 अजय कुमार स्वाट टीम जौनपुर।

मछलीशहर जनपद जौनपुर । 2. मु0 अ0 सं0 86/22 धारा 307/411 ipc थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 3. मु0 अ0 सं0 89/22 धारा 4/25 A Act थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी टीम का विवरण 1. थानाध्यक्ष रमेश कुमार थाना चन्दवक, जौनपुर। 2. प्र0नि0 संजय वर्मा थाना केराकत जौनपुर 3. सर्विलांस टीम प्रभारी रामजनम यादव 4. उ0नि0 जितेन्द्र बहादुर सिंह, उ0नि0 सुदामा प्रसाद थाना चन्दवक 5. मु0आ0 विजय कुमार दुबे, मु0आ0 सुमन्त सिंह, का0 सुरज कुमार, का0 जयप्रकाश यादव,का0 सोनू गुप्ता, का0 प्रदीप यादव थाना चन्दवक 6. उ0नि0 विनित पाठक थाना केराकत जौनपुर। 7. हे0का जयचन्द, का0 अनुप यादव थाना केराकत जौनपुर। 8. हे0का अमित कुमार राय, हे0का0 संदीप सिंह, हे0का0 भाईलाल सोनकर,हे0का0 अखिलेश चौधरी, हे0का0 गोविन्द तिवारी,हे0का0 विनय कुमार सिंह,का0 भानू प्रताप,का0 अजय कुमार स्वाट टीम जौनपुर।

ईशा हास्पिटल एवं स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस के संयुक्त तत्वाधान मे किया गया निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एंव रक्त जांच

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ईशा हास्पिटल एवं स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस के संयुक्त तत्वाधान मे आज ईशा हास्पिटल मड़ियाहूं पड़ाव पर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एंव रक्त जांच किया गया जिसमे स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेन्स के बीमा धारकों का मधुमेह, ई०सी०जी०,ब्लड प्रेशर एवं बी० एम० आई० के साथ जनरल फिजिशियन,न्यूट्रिशियन तथा मानसिक समस्या की मुफ्त जांच व उपचार किया गया। जिसमें लगभग 78 लोग लाभान्वित हुए। हास्पिटल के प्रशासक अरविन्द दिवाकर ने बताया 29 मई को जो भी स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस के बीमा धारक जांच कराए हैं,उनको एक माह तक सभी जांचो पर 25 प्रतिशत की विशेष छूट दी जायेगी। इस मौके पर फिजिशियन डा.ऋषभ यादव ने बताया ज्यादातर लोग अनियमित दिनचर्या से प्रभावित दिखें। कुछ लोगों में मानसिक अवसाद, उच्च रक्तचाप,मधुमेह जैसी समस्याएं पायी गयी।जिसको सही करने का उपाय और उपचार बताया गया। डा.प्रिया

श्रीवास्तव ने सभी का जांचकर उनके खानपान के सही तरीके को समझाया। डा. अरविन्द प्रजापति ने मानसिक बीमारी और उससे कैसे बचाव हो उसके बारे में सभी को विस्तृत रूप से समझाया। हास्पिटल के प्रबंधक निर्मल श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर कम्पनी के ब्रांच मैनेजर संजय गुप्ता,सीनियर सेल्स मैनेजर विक्रम कुमार गुप्त, क्वालिटी मैनेजर आमिर सुहैल, नर्सिंग स्टाफ नीतू यादव,निलेश पाल,जसवंत सिंह आदि ने अपना भरपूर सहयोग दिया।

तम्बाकू से होने वाली बीमारियों का खतरा भयावह – मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ लक्ष्मी सिंह

जौनपुर सू.वि. : मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ लक्ष्मी सिंह ने अपर मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन चिकित्सा अनुभाग–9 के पत्र के अनुपालन में अवगत कराया है कि तम्बाकू से होने वाली बीमारियों का खतरा भयावह है। तम्बाकू का हर वर्ग में बढ़ता हुआ उपयोग एक महत्वपूर्ण जन स्वास्थ्य समस्या बन गया है। भारत में प्रतिवर्ष करीब 10 लाख लोग तम्बाकू के उपयोग के कारण असमय मृत्यु का शिकार हो रहे है एवं लगभग 5500 नये युवा प्रतिदिन तम्बाकू का उपयोग प्रारम्भ करते है। आज के परिदृश्य में तम्बाकू एक ऐसी समस्या है, जिस पर चौतरफा दृष्टिकोण के साथ कार्य करने से ही सकारात्मक नतीजे प्राप्त हो सकते है, जिसके लिये सभी सरकारी विभागों एवं गैर सरकारी संस्थानों को समाज में आवश्यक जागरुकता फैलाने एवं तम्बाकू प्रयोग के रोकथाम हेतु महत्वपूर्ण भुमिका निभानी होगी साथ ही यह भी अवगत कराना है कि प्रत्येक वर्ष 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के रुप में मनाया जाता है। अतः इस वर्ष 2022 '' विश्व तम्बाकू निषेध दिवस 31मई 2022 ''Tobacco% Threat to our environment-'' थीम पर मनाया जायेगा।

शहर में आज से लागू हुई वनवे यातायात व्यवस्था

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए नए सिरे से प्रयास किए जा रहे हैं।जाम से निजात दिलाने के लिए सोमवार की सुबह 8:00 बजे से नई यातायात व्यवस्था लागू की जाएगी।एसपी सिटी विजय पाल सिंह के साथ बैठक के बाद यातायात डॉ राजेश तिवारी ने नई यातायात व्यवस्था को अंतिम रूप प्रदान कर दिया है।उन्होंने बताया है कि यातायात व्यवस्था के तहत शहर से चौक को केंद्र में रखा गया है हालांकि प्रशासन वन वे रूट पर पार्किंग की कोई समुचित व्यवस्था नहीं बना सका वहीं अब शहर वासियों को तय करनी होगी लंबी दूरी जैसे रिकाबगंज मैं रहने वाले व्यक्ति को नियमों पर कोई का काम है तो उसे रिकाबगंज से चौक फिर गुदरी बाजार होते हुए नियमों तक का सफर तय करना पड़ेगा इसी प्रकार अगर चौक या बजाजा में रहने वाले किसी व्यक्ति को फतेहगंज जाना है तो उसे उल्टा सफर तय करते हुए पहले चौक फिर गुजरी बाजार नियावां रिकाबगंज कसाब बड़ा होते हुए फतेहगंज आना पड़ेगा में रहने वाले व्यक्ति को अगर चौक में काम है तो उसे रीड गंज फिर गुदरी बाजार रिकाबगंज होते हुए चौक जाना पड़ेगा यह व्यवस्था निजी और यात्री वाहन दोनों पर लागू होगी अन्य मार्गों पर यातायात व्यवस्था पूर्व की भांति लागू रहेगी प्लान इस प्रकार है फतेहगंज चौराहे से चौक की तरफ वाहन जाएंगे और रिकाबगंज से चौक की तरफ वाहन जाएंगे चौक से रीड गंज की तरफ वाहन जाएंगे चौक से गुदरी बाजार की तरफ वाहन जाएंगे नवाबगंज की तरफ वाहन जाएंगे इन मार्गों पर प्रतिबंध रहेगा वाहनों का चौक से फतेहगंज की तरफ वाहन नहीं जाएंगे चौक से रिकाबगंज की तरफ बाहर नहीं जाएंगे रीड गंज से चौक की तरफ बाहर नहीं जाएंगे गुदरी बाजार से चौक की तरफ बाहर नहीं जाएंगे रिकाबगंज नियावा वाहन नहीं जाएंगे यह व्यवस्था आज से लागू हो गई है।

गश्त के दौरान बदमाशों से मुठभेड़ में एक को लगी गोली : जेवर नगदी असलहा व कारतूस संग तीन बदमाश गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान आपरेशन पाताल लोक के क्रम में रविवार देर रात्रि कोतवाली केराकत व थाना चन्दवक पुलिस द्वारा गश्त के दौरान दो मोटरसाइकिल से तीन बदमाश दिखाई दिये, जिन्हे पुलिस द्वारा रोकने पर बदमाशों द्वारा पुलिस पर फायर करते हुए देवलाशपुर मुसहरिया हरिहरपुर मार्ग पर भागने लगे, जिनकी घेराबन्दी थाना केराकत व चन्दवक पुलिस एवं सर्विलांस की टीम द्वारा की गयी। बदमाश अपने को घिरता देख पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया पुलिस द्वारा अपने को बचाते हुए आत्मरक्षार्थ फायर किया गया जिसमें एक अभियुक्त सूरज कुमार गौतम पुत्र नामवर गौतम,ग्राम महुआरी थाना बरसठी के पैर में गोली लगी तथा दूसरा अभियुक्त असलम अली पुत्र जुम्मन अली ग्राम करौरा थाना मछलीशहर जौनपुर व तीसरा अभियुक्त राजकुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह पुत्र जंग बहादुर सिंह ग्राम अल्लापुर थाना मछली शहर जौनपुर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के पास से दो मोटरसाइकिल, 02 तमंचा 315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस, 02 खोखा कारतुस, एक रामपुरी चाकू व 4 सफेद धातु के जेवरात, एक पीली धातु के चेन व 7500/– रुपया नगद बरामद हुआ।गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना बरसठी जनपद जौनपुर, थाना चन्दवक जनपद जौनपुर, थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर, थाना मुगराबादशाहपुर जनपद जौनपुर समेत विभिन्न थानों में कई मुकदमें दर्ज हैं। गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष रमेश कुमार थाना चन्दवक, प्रभारी निरीक्षक केराकत संजय वर्मा, सर्विलांस टीम प्रभारी रामजनम यादव, उपनिरीक्षक जितेन्द्र बहादुर सिंह, उपनिरीक्षक सुदामा प्रसाद थाना चन्दवक, मुख्य आरक्षी विजय कुमार दुबे, मुख्य आरक्षी सुमन्त सिंह, आरक्षी सुरज कुमार, आरक्षी जयप्रकाश यादव, आरक्षी सोनू गुप्ता, आरक्षी प्रदीप यादव थाना चन्दवक, उपनिरीक्षक विनित मोहन पाठक थाना केराकत, मुख्य आरक्षी

जयचन्द, आरक्षी अनुप यादव थाना केराकत, मुख्य आरक्षी अमित कुमार राय, मुख्य आरक्षी संदीप सिंह, मुख्य आरक्षी भाईलाल सोनकर, मुख्य आरक्षी अखिलेश चौधरी, मुख्य आरक्षी गोविन्द तिवारी, मुख्य आरक्षी विनय कुमार सिंह, आरक्षी भानू प्रताप,आरक्षी अजय कुमार स्वाट टीम प्रमुख रूप से रहें।

दुर्घटना दावत दे रहा है रास्ते में लटकता तार : राहगीरों के सर से छू जाता है लटकता विद्युत तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर के कटरा दर्जियान गली के रास्ते में विद्युत तार काफी नीचे लटकने से आने जाने वाले राहगीरों के लिए कभी भी मौत का सबब बन सकती है। यह मार्ग प्रतापगढ़, सुजानगंज तथा मुख्य कस्बे का संपर्क मार्ग है जिससे लोगों की आवाजाही हमेशा लगी रहतीलोगो के आवाजाही के अलावा कई कालोनी व दुकाने व विधालय भी है। छोटे–छोटे बच्चों का विद्यालय उसी रास्ते से आना जाना रहता है। स्कूली वैन भी उक्त गली में अंदर आती है। तार इतना नीचे लटकता रहता है कि उस वैन में कभी कभी कभी छू जाता है। जिससे एक बड़ी घटना होने का भय हमेशा बना रहता है। तार इतना नीचे लटका है की सड़क पर चल रहे राहगीरों के सर से छू जाता है। उक्त समस्या को लेकर सभासद आलोक कुमार गुप्ता तथा दुकानदारों ने कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया लेकिन अधिकारियों के कानों में जूं नहीं रेंगा।विधुत विभाग के अधिकारी बड़ी घटना का होने का इंतजार कर रहे हैं। विपिन गुप्ता,विजन जायसवाल, सन्तोष गुप्ता, लवकुश जायसवाल, राकेश जायसवाल,शंकर लाल केशरी,सभासद गणेश कुमार गुप्ता ,रितेश गुप्ता व गोपाल केशरी आदि ने लटकते तारों को ठीक कराने की मांग विधुत विभाग से की है।

संत रविदास घाट पर अपर पुलिस आयुक्त के मौजूदगी में हुई पीएसी ब्रासबैंड की मधुर वादन प्रस्तुति

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)34 वी बटालियन पीएसी कंपनी वाराणसी मीडिया सेल के मुताबिक सन्त रविदास घाट पर अपर पुलिस आयुक्त सुभाष चंद्र दूबे की उपस्थिति में पीएसी ब्रास बैंड की हुई मधुर वादन प्रस्तुति हुई।पीएसी के ब्रास बैंड ने अपनी मधुर धुनों से आमजन में देश भक्ति की भावना का अलख जगाने के क्रम में पुनः अपर पुलिस आयुक्त सुभाष चंद्र दुबे की उपस्थिति में सन्त रविदास घाट पर राष्ट्रीयता से ओतप्रोत धुनों का सुंदर वादन प्रस्तुत किया।इसके साथ ही साथ बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं के अनुरोध पर 34वीं वाहिनी एवं 36वीं वाहिनी के संयुक्त बैंड ने गणेश वंदना एवं अन्य धुनों का वादन कर उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोहा।वही वहाँ पर उपस्थित श्रद्धालुओं एवं आमजन ने पीएसी बल के जवानों के मधुर एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए जोरदार तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया।पीएसी बल का यह ब्रास बैंड शहर के विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों, राष्ट्रीय स्मारकों एवं शहीद स्मारकों पर जाकर वादन के माध्यम से लोगों में देशभक्ति की भावना व कर्तव्य परायणता को जागृत करने का कार्य अनवरत रूप से कर रहा है।ज्ञातव्य हो कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में 34वीं एवं 36वीं वाहिनी पीएसी का हाफ ब्रास बैंड संयुक्त रुप से शहर के विभिन्न राष्ट्रीय स्मारक, ऐतिहासिक स्थलों एवं शहीद स्मारकों पर विशेष अवसरों एवं

समय–समय पर, लगभग एक घंटे की प्रस्तुति लगातार दे रहा है।उसी क्रम में आगे बढ़ते हुए संयुक्त बैंड लगातार काशी विश्वनाथ मंदिर, बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर सारनाथ में, दशाश्वमेघ घाट पर, व अन्य प्रमुख स्थलों पर देशभक्ति से जुड़े गीतों की मधुर धुनों को बजाकर प्रस्तुतियां देती आ रही है। सन्त रविदास घाट पर ब्रास बैंड के प्रदर्शन के समय अपर पुलिस आयुक्त सुभाष चंद्र दूबे व बड़ी संख्या में आमजन व श्रद्धालुजन द्वारा पीएसी ब्रास बैंड के प्रदर्शन की सराहना की गई।संयुक्त ब्रास बैंड के वादन हेतु दलनायक ब्रजेश राय द्वारा करायी गयी व्यवस्था सराहनीय रही।34वीं एवं 36वीं वाहिनी के बैंड का नेतृत्व क्रमशः हवलदार मेजर सदरूद्दीन व अब्दुल कादिर के द्वारा किया गया।

सरकारी विभाग के कर्मी को हनी ट्रैप में फंसाने वाली दो महिलाओं को कैंट पुलिस ने गिरफ्तार करने का किया दावा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या में हनीट्रैप का मामला सामने आया है।पुलिस के मुताबिक एक महिला पहले अफसर से मिली। इसके बाद उनकी अधिकतर मुलाकात होने लगी। दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ गईं।आरोप के मुताबिक इसके बाद महिला ने अफसर को होटल में मिलने के लिए बुलाया।यहां पर महिला ने अफसर की आपत्तिजनक हालत में फोटो खींच ली।फिर फोन कर 5 लाख रुपए की डिमांड करने लगी। पैसे नहीं देने पर फोटो वायरल करने की भी धमकी दी।कैंट पुलिस के मुताबिक यहां सरकारी विभाग में तैनात अफसर ने कैंट थाने में तहरीर दी है।जिसमें बताया कि कुछ दिन पहले एक महिला उनके पास आई थी।फिर मेलेजोल बढ़ाने लगी।इसके बाद उसने होटल में काम के सिलसिले में मिलने के लिए बुलाया।यहां पर मुझे से कहा कि शर्ट उतारो।इसके बाद मेरी कई आपत्तिजनक हालत में फोटो खींच ली।इसके बाद कॉल पर रुपए मांगे।इतना ही नहीं कई बार महिला ने 5 लाख रुपए मांगे।फिर कहा कि चलो ठीक है 3 लाख रुपए दे दो।न देने पर झूठे केस में फंसाने और फोटो वायरल करने की धमकी

दे रही थी।इस संबंध में कैंट थाना प्रभारी अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद टीम का गठन किया।इसके बाद किरन सिंह निवासी खेमीपुर निधियांवा और खुशबू उर्फ सीमा उर्फ शमा निवासी कदमपुर को कौशलपुरी फेस–2 से गिरफ्तार किया है।इस संबंध में उन्होने बताया कि महिलाओं के पास से मिले साक्ष्यों के आधार पर पता चल रहा है कि ये महिलाएं एक गिरोह के रूप में काम कर रही थीं।गिरोह में कितने सदस्य हैं और कौन कौन शामिल है, इस पर भी जांच हो रही है। पुलिस को अंदेशा है कि ये महिलाएं कई लोगों को अपने जाल में फंसाकर ठगी कर चुकी है।

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत एक्सपोजर विजिट हेतु निकली 45 सदस्यो की टीम

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत जिला अयोध्या से 45 सदस्यो की टीम एक्सपोजर विजिट हेतु निकली।जो शहजादपुर किनौली, बुलंदशहर को रवाना हुई।सूत्र के मुताबिक इस मौके के पर मुख्य विकास अधिकारी अनीता यादव द्वारा हरी झंडी दिखा कर यात्रा की शुरुआत की गयी।वही

उपरोक्त टीम बुलंदशहर के ग्राम में निदेशालय द्वारा निर्मित कराए गए एस एल डब्लू एम कार्यक्रम के अंतर्गत खाद गड्ढे,नाड़ेफ, पिट, गोबर गैस प्लांट का स्थलीय प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी जिसमे राज्य स्तरीय टीम भी उपस्थित रहेगी।उपरोक्त भ्रमण में मुख्य रूप से डीसी दीपक कुमार सेन,डीपीएम उपेंद्र तिवारी, डीसी राकेश सिंह, अविरल पाठक,एडीओपी संतोष तिवारी मायाबाजार , रविंद्र सिंह तारुण,रविंदर वर्मा मवई,समस्त विकास खंडो के खंड प्रेरक,ग्राम प्रधान मड़ना पूराबाजार , सनाहा, मगलसी सोहावल , बैहारी रुदौली , अकरीपुर मायाबाजार, सचिव ग्राम पंचायत, शिवांगी सिंह, नीरज सिंह, अजय सिंह, शुभम शुक्ला, सौरभ सिंह, अनिमेष त्रिपाठी एवं रंजीत कुमार एवं जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर शैलेन्द्र सिंह,दुर्गा तिवारी,अजय, महेंद्र यादव द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र व एनबीसी चैनल से जुड़े पत्रकारो की मासिक बैठक सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र व नव भारत चेतना न्यूज चैनल से जुड़े सभी पत्रकारो की हमेशा की तरह मासिक बैठक सम्पन्न हुई।इस बैठक में सबसे पहले देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र व एनबीसी चैनल से जुड़े सभी पत्रकार बंधुओ ने दो दिन पहले एक सड़क दुर्घटना में शहीद हुये सभी सैनिकों को याद कर दो मिनट का मौन रहकर उन्हें श्रद्वांजलि दिया।उसके बाद इस मौके पर देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र व एनबीसी चौनल से जुड़े सभी पत्रकार बंधुओ ने कहा कि वास्तव में यह देश की बहुत बड़ी क्षतिपूर्ति है।जिसे कभी भी पूरा नही किया जा सकता।इसी कड़ी में इस बैठक में देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र व एनबीसी चौनल को कैसे और आगे बढ़ाया जाये इस पर बहुत ही विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया।इस मौके पर देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र व एनबीसी चैनल के ब्यूरो चीफ अयोध्या राजेश श्रीवास्तव व इससे जुड़े सभी पत्रकार बंधुओ ने एक मत से सहमति जतायी गयी। पत्रकार बंधु देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र के संपादक एवं एनबीसी चैनल की संपादक ममता मिश्र के दिशा निर्देश पर कार्य करते हुए देश की उपासना को आगे बढ़ाये, इस दौरान अगर किसी भी पत्रकार को किसी भी तरह की कोई समस्या आती है तो वो सीधे ब्यूरो चीफ अयोध्या राजेश श्रीवास्तव व या फिर जरुरत पढ़ने पर संपादक जी से सीधे बात कर सकते हैं।इस मौके पर इस बैठक में मौजूद डीकेयू लाईव चैनल के ब्यूरो चीफ सुरेंद्र कुमार,जिला संवाददाता डॉ अजय तिवारी,नगर संवाददाता सरवन कुमार,संवाददाता अमर कुमार मणि त्रिपाठी,जिला संवाददाता डॉक्टर आलोक श्रीवास्तव मौजूद रहे।इस मौके पर

यह निर्णय लिया गया कि पत्रकार बंधु जो भी अखबार व चैनल के पर भेजे तो भेजने से पहले उसकी सबसे पहले सत्यता परख ले और उसकी जांच कर ली जाए तब उसे ऊपर भेजा जाए।इससे हमारे समाचार पत्र व एनबीसी चौनल की गरिमापूर्ण बनी रहेगी।क्योंकि समाचार पत्र एक ऐसा समाज व सरकार की एक ऐसी कड़ी है जिसके माध्यम से सरकार की योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाने का कार्य समाचार पत्र ही करता है और समाचार पत्र के माध्यम से ही जनता की समस्याएं सरकार तक पहुंचती है।इसलिए समाचार पत्र में जो भी खबरें हो वह जनता की समस्याओं से संबंधित हो।जिसके समस्या का समाधान समाज में नहीं हो रहा है उस समस्याओं का प्रकाशन अपने अखबार में करें। जिससे समय रहते उस समस्या का समाधान हो और इसका लाभ समाज के लोगों को मिले।

सीएमओ के निरीक्षण में डॉक्टर और स्टाफ गैर हाजिर मिलने पर वेतन काटने के दिये निर्देश

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता)इस समय जहाँ एक ओर उत्तर प्रदेश शासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग में सुधार लाने के लिए खुद डिप्टी सीएम बृजेश त्रिपाठी प्रतिदिन किसी न किसी अस्पताल का निरीक्षण कर रहे हैं।वही शासन के रुख को देखते हुए अयोध्या जिले में भी स्वास्थ्य सेवाओं को पटरी पर लाने के लिए कवायद की जा रही है।इसी के चलते शनिवार को सीएमओ डॉ अजय राजा ने प्रातः सीएचसी हैरिंगटनगंज का भ्रमण किया।उन्होंने सीएचसी भ्रमण में सीएचसी पर ईलाज, दवाओं, इमरजेंसी सेवाओं, साफ सफाई, प्रसव सेवाओं और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और स्टॉफ के व्यवहार की जानकारी ली।भ्रमण के दौरान सीएचसी पर तैनात कुछ चिकित्सक और अन्य स्टॉफ अनुपस्थित पाए गए।इस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने चिकित्सा अधीक्षक से सभी अनुपस्थित चिकित्सकों और स्टॉफ का एक दिवस का वेतन काटने और स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने चेतावनी भी दी कि अनाधिकृत अनुपस्थित को किसी भी स्थिति में स्वीकार नही किया जाएगा। सुधार न होने की स्थिति में और भी कड़ी कार्यवाही के लिए शासन को संस्तुत कर दिया जाएगा।सीएमओ द्वारा सरकार की मंशा के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और उपलब्धता के लिए सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षकों को हॉस्पिटल में तैनात चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ की समय से उपस्थिति, दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता, सभी उपलब्ध लैब जांच सेवाएं आदि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।उन्होंने साफ कहा कि कहीं भी गड़बड़ी मिली तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

अविवि के कुलपति ने अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर पदाधिकारियों के साथ की बैठक

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह ने अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर कौटिल्य प्रशासनिक भवन में शनिवार को आयोजन के पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में कुलपति ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री ने योग को विश्वभर में प्रसिद्धि दिलाई है। जब कोविड–19 महामारी में पूरी दूनियां इसकी चपेट में थी तब योग आन्तरिक शक्ति का एक बड़ा स्त्रोत बनकर उभरा है। बैठक में कुलपति ने बताया कि योग के प्रति लोगों में उत्साह देखते हुए विश्वविद्यालय में अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस पर भव्य आयोजन किया जाना है। बैठक में कुलपति ने योग दिवस को ध्यान में रखते हुए आयोजन के पदाधिकारियों के साथ विचार–विमर्श किया और तैयारियों को अंतिम रूप देने का निर्देश प्रदान किया। बैठक में शारीरिक शिक्षा, खेल योगिक विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो0 एस0एस0 मिश्र, वित्त अधिकारी प्रो0 चयन कुमार मिश्र, कुलसचिव उमानाथ सहित योग विज्ञान विभाग के शिक्षक अनुराग सोनी, गायत्री व आलोक तिवारी उपस्थित रहे।

मनरेगा कार्य पर अब होगी आनलाइन हाजिरी : रुकेगा फर्जीवाड़ा

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)मनरेगा योजना को बेहतर बनाने के लिए शासन ने अब नई व्यवस्था की है।इसके तहत आनलाइन हाजिरी सिस्टम लागू किया जा रहा है। इससे फर्जी मास्टर रोल तैयार करने वालों का खेल भी थमेगा। इसके लिए मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम को लागू किया गया है। इसके तहत जिस कार्य में 20 या इससे अधिक मजदूर कार्य करेंगे। उनकी हाजिरी नए सिस्टम के तहत ऑनलाइन दर्ज करानी होगी। ऐसा न करने पर मजदूरी का भुगतान रुकेगा। मनरेगा में मजदूरी भुगतान में आए दिन विभिन्न प्रकार की शिकायतें उजागर होती है। इसमें अहम गड़बड़ी मस्टर रोल पर मनरेगा मजदूरों की फर्जी उपस्थिति दर्ज कराकर मजदूरी हड़पने की है। इसके आधार पर मनरेगा मजदूरी भुगतान भी अवैध ढंग से कर लिया जाता है। लगातार मिल रहीं शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए शासन ने इस पर अंकुश लगाने के लिए अब मजदूरी भुगतान की नयी व्यवस्था को लागू किया है। शासन के निर्देश पर अब मनरेगा मजदूरों को मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से अपनी उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज कराना होगी। यह व्यवस्था उन मजदूरों के लिए लागू होगी, जहां योजना के तहत चल रहे कार्य में 20 या इससे अधिक मनरेगा मजदूर कार्य कर रहे हो। इसके लागू होने से अब मस्टर रोल पर फर्जी नाम के सहारे मजदूरी का भुगतान नहीं हो सकेगा। सीडीओ अनीता यादव ने बताया कि मनरेगा मजदूरों को सुचारु रूप से मजदूरी भुगतान के लिए अब मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम से ऑनलाइन हाजिरी दर्ज कराना होगी। कुछ इलाकों में मोबाइल नेटवर्क की परेशानी की शिकायत सामने आयी है। इसे दूर कराया जाएगा।

भूमि विवाद में एक ही गांव के सात लोगों का हुआ चालान

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी)जिले के मवई पुलिस ने शनिवार को एक ही गांव में अलग अलग मामलों में सात लोगों का शांति भंग की आशंका में चालान किया है।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक मवई नीरज सिंह ने बताया कि ग्राम रानेपुर मजरे जैसुखपुर में जमीन पर कब्जेदारी तथा दीवाल बनाने को लेकर दो पक्ष आपस मे विवाद करने लगे।सूचना पाकर वरिष्ठ उपनिरीक्षक राम चेत यादव पुलिस फोर्स के साथ पहुंच कर एक पक्ष के त्रिभवन चौहान पुत्र राम किशोर चौहान तथा दूसरे पक्ष के राम सेवक पुत्र संतराम तथा भवानी प्रसाद यादव पुत्र भुलेचन्द यादव को पकड़ कर थाने ले आये।इसी प्रकार रानेपुर गांव में रास्ते निर्माण को निर्माण तथा छज्जा निकालने को लेकर दो पक्ष आपस मे भिड़ गये।सूचना पाकर एसएसआई आरसी यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच कर विवाद कर रहे विनोद यादव पुत्र राम प्रताप यादव,जितेंद्र यादव पुत्र रमेश चन्द्र यादव तथा दूसरे पक्ष के अनिल यादव पुत्र कृष्ण प्रताप यादव तथा वेद प्रकाश यादव पुत्र राम विलास यादव को पकड़ कर थाने ले आये।प्रभारी निरीक्षक नीरज सिंह ने बताया कि सात लोगों को शांति भंग की आशंका में धारा 151 के तहत चालान कर दिया गया।

स्वावलंबी भारत अभियान की कार्यशाला में लिया गया युवाओं को रोजगार देने का संकल्प

अयोध्या।(सुरेन्द्र कुमार ब्यूरो डीकेयू न्यूज 24)स्वदेशी जागरण मंच द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे स्वावलंबी भारत अभियान की जिले में एक दिवसीय कार्यशाला साकेत निलयम में संपन्न हुई।इस कार्यक्रम का शुभारंभ स्वदेशी जागरण मंच के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय, लघु उद्योग भारती की प्रांत अध्यक्ष रीता मित्तल, सेवा भारती के प्रांत मंत्री रजनीश एवं स्वदेशी जागरण मंच के दीपक शुक्ला द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यशाला दो सत्रों में हुई। प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में स्वदेशी जागरण मंच के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय ने कार्यशाला में आए हुए समस्त कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान स्वरोजगार, नए लघु उद्यम, स्टार्टअप्स, सहकारिता आधारित उद्योगों को प्रोत्साहन व सहयोग भी करेगा। अभियान प्रत्येक जिले के स्थानीय संसाधनों, युवा शक्ति, सरकार की योजनाओं, शिक्षा तकनीकी एवं औद्योगिक केंद्रों का आपस में समन्वय कर रोजगार सृजन में उत्प्रेरक का कार्य करेगा तथा जिले में ग्राम स्तर पर ग्राम उद्योग व ग्राम शिल्प को बढ़ावा मिलेगा तथा युवाओं का शहरों की ओर पलायन भी रुकेगा।द्वितीय सत्र में जिले की कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें ई. रवि तिवारी को स्वावलंबी भारत अभियान का जिला समन्वयक, राधेश्याम त्यागी को सह समन्वयक, कलावती मिश्रा को महिला समन्वयक, नवीन आजाद दुबे को जिला मीडिया संपर्क प्रमुख, सुशील मिश्रा को सोशल मीडिया संयोजक व संबंधित अन्य दायित्वों की घोषणा की गई।इस मौके पर जिला मीडिया संपर्क प्रमुख नवीन आजाद दुबे ने बताया कि भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या धाम से 'स्वावलंबी भारत अभियान' को अखिल भारतीय स्तर के उच्चतम शिखर पर पहुंचाने हेतु हम सभी कार्यकर्ता संकल्प बद्ध हैं। इस अभियान को पूरे जिले में स्वदेशी जागरण मंच, विश्व हिंदू परिषद, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, लघु उद्योग भारती, भारतीय मजदूर संघ, सहकार भारती, राष्ट्रीय सेवा भारती, भारतीय किसान संघ, भारतीय जनता पार्टी, वनवासी कल्याण आश्रम, ग्राम पंचायत ऐसे 10 संगठनों के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ ब्लाक स्तरीय कार्यकारणी का गठन करके अभियान को सफल बनाया जाएगा तथा जिले में एक 'रोजगार सृजन केंद्र' की स्थापना होगी। जो प्रमुख विश्वविद्यालय अथवा महाविद्यालय के सहयोग से होगा। यह केंद्र सब प्रकार से युवाओं को रोजगार युक्त करने की योजनाओं का केंद्र होगा। उनके आधारभूत विषय स्पष्ट करने, सरकारी योजनाओं की जानकारी, उद्यमिता प्रशिक्षण, कौशल विकास से जोड़ने की प्रक्रिया यहां से होगी। इसके अतिरिक्त बैंक लोन, स्वरोजगार की संभावित कठिनाइयों का समाधान, सफल स्वरोजगारियों, उद्यमियों से संवाद आदि का भी कार्य इस केंद्र से होगा।इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर संघचालक प्रोफेसर विक्रमा प्रसाद पांडे, प्रांत के स्वदेशी जागरण मंच विचार विभाग प्रमुख रवि तिवारी, प्रोफेसर सीताराम मिश्रा, राजू श्रीवास्तव, भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, डॉक्टर प्रेमचंद पांडे, प्रवीण सिंह, पुष्कर तिवारी, विवेक शुक्ला, डॉ उपेंद्र तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यशाला का संचालन विजेंद्र दुबे द्वारा किया गया।

राम लला सदन देवस्थान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे योगी आदित्यनाथ

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) रामनगरी अयोध्या के राम कोट स्थित श्री राम जन्मभूमि से चंद कदम दूर अयोध्या के पहले दक्षिण भारतीय शैली मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 31 मई को कलश यात्रा के साथ शुरू होगी।जिसमे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 1 जून को समारोह का शुभारंभ करेंगे। अयोध्या का ये पहला मंदिर होगा जहां भगवान श्री राम के कुलदेवता भगवान विष्णु के स्वरुप भगवान रंगनाथन का मंदिर होगा।श्री राम लला देवस्थान के महन्त जगतगुरु स्वामी राघवाचार्य महोत्सव की तैयारियों को अंतिम स्वरूप देने में जुटे हैं। अयोध्या में बने दक्षिण भारतीय शैली के इस मंदिर की भव्यता दूर से ही बिखर रही है। महत्वपूर्ण तथ्य ये है कि मंदिर में विराजमान श्री राम लला, माता जानकी व लक्ष्मण की प्रतिमाएं भी दक्षिण भारत से आई हैं। मंदिर की डिजायनिंग चेन्नई के मशहूर आर्किटेक्ट स्वामीनाथन ने किया है। अयोध्या का ये पहला मंदिर है जो श्री राम जन्मभूमि से चंद कदम की दूरी पर बनकर तैयार हुआ है, जिसमें कदम कदम पर दक्षिण भारतीय परंपरा झलक रही है रामलला देवस्थान के पीठाधीश्वर व विख्यात कथावाचक जगतगुरु स्वामी राघवाचार्य जी महाराज ने बताया कि ऋण मोचन घाट स्थित दक्षिण भारत के मंदिर अम्मा जी के मंदिर से कलश यात्रा निकलेगी। उन्होंने बताया कि 31 मई से मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आगाज कलश यात्रा के साथ होगा व 1 जून को बतौर अतिथि उत्तर प्रदेश के मुखिया व गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोसलेस सदन के पीठाधीश्वर जगतगुरु रामानुजाचार्य विद्या भास्कर महाराज करेंगे। इसके अलावा अयोध्या के विशिष्ट संतों की उपस्थिति भी कार्यक्रमों में होगी। अयोध्या में बने दक्षिण भारतीय परंपरा की तर्ज पर बने श्री रामलला सदन देवस्थान मंदिर में श्रद्धालुओं को दक्षिण भारतीय परंपरा देखने को मिलेगी। इतना ही नहीं प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व ही जो श्रद्धालु श्री राम लला का दर्शन पूजन करने आते हैं वह इस मंदिर की बगैर सेल्फी लिए नहीं जाते हैं।

इण्डियन इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस मे आयोजित हुआ शपथ ग्रहण समारोह

अयोध्या।(डाक्टर आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता)जिले के रुदौली तहसील क्षेत्र के इंडियन इंस्टिट्यूट एंड मेडिकल साइंस रौजागांव रूदौली मे शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम का आयोजन हुआ।इस कार्यक्रम का शुभारंभ इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस रौजागांव के मुख्य अतिथि व मैनेजिंग डायरेक्टर द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए मेडिकल साइंस इंस्टिट्यूट के छात्रों का शपथ ग्रहण का कार्यक्रम आरम्भ हुआ।शपथ ग्रहण करते हुए बच्चो ने यह शपथ ली कि कभी किसी भी प्रकार की अन्देखी नही करेंगे।अपने राष्ट्र के प्रति व मेडीसिन के प्रति हमेशा सजग व सदैव तत्पर रहेंगे।इसके बाद छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती की जिससे आये हुए अभिभावक व अतिथियों का मन मोह लिया।मुख्य अतिथि अनामिका गुप्ता ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि हमारे छात्र कोर्स पूरा हो जाने के बाद विभिन्न अस्पतालों में व सरकारी सेवाओं में अपना योगदान दे रहे हैं।हम अपने छात्रों के लिए यही कामना करते है कि ऐसे निरंतर आगे बढ़ते रहें।मैनेजमेंट डायरेक्टर धर्मेंद्र गुप्ता ने कहा कि हम भी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।हमारे इंस्टिट्यूट के बच्चे विभिन्न क्षेत्रों में योगदान दे रहे हैं और अच्छा कार्य कर रहे हैं।डॉ0 राम मनोहर लोहिया, पीजीआई व अन्य हॉस्पिटल में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के बच्चे काम कर रहे हैं और इस्टीट्यूट का नाम रोशन कर रहे हैं।मैं अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं और निरंतर आगे बढ़ते रहें यही मैं आशीर्वाद देता हूं।इस अवसर पर मुख्यअतिथि श्रीमती अनामिका गुप्ता,अतिविशिष्ट अतिथि डॉ भुवन,श्री मती ऊषा रावत,श्रीमती मोहनीश,आर्यन गोयल,मिस जोया,प्रिंसिपल बनवारी शर्मा,हरिओम गुप्ता,महेंद्र कुमार,नर्सिंग ट्यूटर रेशू शर्मा सहित छात्र व अभिभावक मौजूद रहे।

हमले में हाई कोर्ट अधिवक्ता सहित दो घायल

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)जिले के बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के करनपुर बनकठवा गांव में शनिवार की रात पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में जमकर विवाद हुआ।आरोप के मुताबिक एक पक्ष द्वारा ईट घुमा और धारदार हथियार से किए गए हमले में दूसरे पक्ष के हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मेंद्र कुमार पांडे व उनके भतीजे दिशांत पांडे घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी बीकापुर लाया गया प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में दवा उपचार के बाद हालत में सुधार न होने एवं सिर में गंभीर चोट लगने के चलते चिकित्सकों ने दिशांत पांडेय को जिला अस्पताल से लखनऊ मेडिकल कॉलेज रिफर कर दिया।इस घटना की सूचना मिलने के बाद पीआरबी और कोतवाली पुलिस भी गांव पहुंची। तथा घटनाक्रम की जानकारी किया।एक आरोपी को पकड़कर कोतवाली पुलिस पूछताछ कर रही है।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।